सूर्योदय 5:53 सूर्यास्त 6:48
मुज़फ़्फ़रनगर
अधिकतम 34.3
न्यूनतम 24.2

49 वर्ष पुराना दैनिक समाचार पत्र
पंजीयक-पंजीयन संख्या-25059/73(79)
डाक पंजीकरण संख्या UP/BR-19520/19-21
मूल्य 1/-

मुज़फ़्फ़रनगर बुलेटिन

Web : muzaffarnagarbulletin.co.in
सम्पर्क सूत्र: (कार्यालय) 9368549219
muzaffarnagar_bulletin@yahoo.co.in
muzaffarnagar_bulletin@rediffmail.com

वर्ष-49 | अंक-235 | बृहस्पतिवार 26 अगस्त, 2021 | भाद्रपद, कृष्ण पक्ष-चतुर्थी, सम्वत् 2078 | पृष्ठ-4

कर्मों से ही पहचान होती है इन्सानों की, अच्छे कपड़े तो बेजुबान पुतलों को भी पहनाए जाते हैं।

यह मुज़फ़्फ़रनगर है

अफ़ग़ानिस्तान में थे बड़े ओहदे के मंत्री, अब जर्मनी में पिज्जा डिलीवरी करने को हुए मजबूर : बर्लिन

वक़्त की ठोकर में है क्या हकूमत क्या समाज.....

क्या सचमुच डीएम साहब शहर को अतिक्रमण मुक्त करा सकेंगे?

मुजफ्फरनगर, २५ अगस्त (बु.)। चार दिन पहले जिलाधिकारी द्वारा अतिक्रमण हटाए जाने हेतु निर्देशित किया गया था, उसी के चलते लगातार अतिक्रमण हटाने की कवायद तेज होती जा रही है। मंगलवार को साप्ताहिक बंदी के दिन भी अतिक्रमण हटवाया गया था, बुधवार को इसी क्रम में नगर पालिका की टीम व सिविल लाइन पुलिस ने संयुक्त रूप से अतिक्रमण हटवाया। बुधवार को झांसी की रानी से अतिक्रमण हटाए जाने की शुरूआत की गयी। पहले झांसी की रानी फिर मेरठ रोड से होते हुए मीनाक्षी चौक, फिर आर्य समाज रोड से महावीर चौक तक का अतिक्रमण हटवाया गया। ज्ञात रहे कि पिछले साढे चार साल में भाजपा सरकार अथवा उनके अधिकारियों ने अतिक्रमण हटवाने पर कभी स्थाई रूप से ध्यान नहीं दिया। एक सप्ताह अतिक्रमण हटवाने के बाद फिर से अस्थाई अतिक्रमण करने की छूट दे देने के कारण मुजफ्फरनगर से कभी भी अतिक्रमण नहीं हट पाया। इसी अतिक्रमण के कारण ही आए दिन शहर जाम से जूझता दिखता है मगर समाचार पत्रों में रोज तस्वीरें प्रकाशित होने के बाद भी पुलिस प्रशासन पर इसका कोई असर नहीं पड़ता। इस बार तो पिछले छह माह में दो बार स्वयं कचहरी के अंदर भी जाम के हालात पैदा हो गए, बावजूद इसके भी अतिक्रमण हटवाने पर कोई विशेष ध्यान नहीं दिया गया मगर अब जिलाधिकारी के तबादले के बाद नए जिलाधिकारी चन्द्र भूषण सिंह शहर में कुछ बदलाव करने का बीड़ा उठाते दिख रहे हैं। इसी क्रम में उन्होंने अतिक्रमण हटवाने के लिए चार दिन पहले ही सख्त निर्देश सम्बंधित अधिकारियों को दिये थे। उसके बाद से अतिक्रमण हटना शुरू हो चुका है। अब नगर की जनता इस बात पर टकटकी लगाकर देख रही है कि उक्त अतिक्रमण लगातार चलाया जायेगा या फिर वही ढाक के तीन पात होंगे कि कुछ दिन अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाओ और फिर आराम से बैठ जाओ। यदि ऐसा ही अतिक्रमण हटाओ अभियान चलेगा तो ऐसा अभियान चलाने का कोई लाभ नहीं होगा। शहर की आम जनता, पैदल चलने वाले लोग, वाहन लेकर सड़कों से गुजरने वाले लोग यही चाहते हैं कि अस्थाई अतिक्रमण स्थाई रूप से हटना चाहिए। दो दिन अतिक्रमण हटा और फिर वहीं का वहीं सामान दुकानदारों अथवा ठेले वालों ने लगा दिया तो ऐसे अभियान चलाने का कोई फायदा नहीं। अतिक्रमण के कारण शहर की ऐसी दुर्दशा है कि न आम आदमी पैदल चल सकता और न ही वाहन चालक सही रफ्तार से सड़कों से गुजर सकता। अतिक्रमण के बाद रही-सही कसर ई-रिक्शाओं ने पूरी कर रखी है। सड़कों पर जाम लगने का अतिक्रमण का दूसरा कारण ई-रिक्शाएं ही हैं। यदि यह दोनों समाधान जिलाधिकारी कर सकें तो शहर की आम जनता को जाम से निजात मिलती दिखेगी।

जुर्माने से बचें और खुद ही अतिक्रमण हटा लें दुकानदार

मुजफ्फरनगर, २५ अगस्त (बु.)। नगर पालिका एवं पुलिस प्रशासन द्वारा शहर में अतिक्रमण हटवाने का अभियान छेड़ दिया गया है। इसी क्रम में बुधवार को ११५०० रुपये दुकानदारों और ठेले वालों से जुर्माने के रूप में वसूले गए। हालांकि यह जुर्माना बहुत ज्यादा नहीं है, लेकिन जुर्माने से बेहतर होगा कि प्रशासन अतिक्रमण हटवाने पर सख्ती से पेश आए और दुकानदार भी स्वयं ही अतिक्रमण हटा लें और जुर्माने के जुल्म से बचें। हालांकि जुर्माना प्रशासन को इसलिए करना पड़ता है क्योंकि दुकानदार भी प्रशासन द्वारा बार-बार कहने के बावजूद अतिक्रमण नहीं हटाते। वें पुलिस प्रशासन के सड़कों पर उतरने का इंतजार करते हैं। बुधवार को भी ऐसा ही हुआ। डीएम द्वारा लगातार अल्टीमेटम देने के बावजूद भी ३ बजे तक दुकानदारों ने अतिक्रमण किये रखा और जैसे ही दुकानदारों को पता चला कि नगरपालिका से टीम चलने वाली है तो तुरन्त अतिक्रमण हटवा दिया गया। तो ऐसे में यह कहना गलत न होगा कि पुलिस प्रशासन अतिक्रमण पर सख्ती तो दिखाए ही साथ ही साथ दुकानदार भी शिष्टाचारिक स्वयं ही अतिक्रमण हटा लें जिससे कि आर्थिक दण्ड न झेलना पड़े।

❑हटाया गया अतिक्रमण, 11500 रुपये का जुर्माना वसूला

अतिक्रमण हटाओ अभियान के तहत सामान जब्त करती पालिका व पुलिस की टीम। फोटो बुलेटिन

मौलाना मदनी ने विस्थापितों को सौंपी चाबियां

मुजफ्फरनगर, 25 अगस्त (बु.)। मुजफ्फरनगर दंगे का बीते 8 वर्षों से दंश झेल रहे दंगा पीड़ितों की उस वक्त खुशी देखने को मिली जब विस्थापितों को जमीयत उलमा-ए-हिन्द अध्यक्ष मौलाना सैय्यद अरशद मदनी ने अपने हाथों से नए मकानों की चाबियां उनके सुपुर्द की। सदर तहसील के गांव बागोवाली में नवनिर्मित जमीयत कालोनी में 66 मकानों की चाबियां 2013 के विस्थापितों को सौंपी। विस्थापितों को चाबी सौंपने के दौरान मौलाना सैय्यद अरशद मदनी ने कहा की हमारे पूर्वजों ने देश की खातिर बड़ी कुर्बानियां दी, जिसे इतिहास कभी भी भुला नहीं सकता। उन्होंने कहा कि देश की आजादी के लिए उलमा-ए-इकराम ने 150 तक तो लगातार कुर्बानियां दी हैं, जिसमें अंग्रेजों ने उलमा-ए-इकराम को फांसी पर भी चढ़ाये। उन्होंने दावा किया कि दारुल उलूम देवबंद की स्थापना भी अंग्रेजों के खिलाफ स्वतंत्रता के सपूत पैदा करने के लिऐ की गयी थी। वहीं जमीयत उलमा-ए-हिन्द का धर्म निरपेक्ष संविधान को बनवाने में विशेष योगदान रहा है। उन्होंने कहा कि हम डटकर साम्प्रदायिकता का विरोध करते हैं। आज भी देश में नफरत की आवाज मुंह उठा रही है जो कि देश की खुशहाली व उन्नति के खतरा है। उन्होंने कहा की पूरे देश में दंगों की एक लिस्ट है, जिसमें हजारों बेगुनाहों की जाने गयी है। मौलाना मदनी ने कहा कि अब तक पचासों हजार से अधिक सांप्रदायिक दंगे देश में हो चुके हैं, असम के नीली से लेकर मुंबई के 1993 व गुजरात के 2002 के भयानक दंगों तक अत्याचार किए जाने की कितनी कहानियां बिखरी पड़ी हैं, इन दंगों में मुसलमानों के जो जान-माल का नुकसान हुआ उसका अनुमान लगाया जाना भी संभव नहीं है, दुखद पहलू यह है कि दंगे की किसी एक घटना में भी कानून व न्याय की जरुरत को पूरा नहीं किया और किसी दोषी को सज़ा नहीं दी गई। यही कारण है कि समय बीतने के साथ सांप्रदायिक शक्तियों का मनोबल बढ़ता गया। मौलाना मदनी ने कहा की यहां कभी कोई दंगा नहीं हुआ लेकिन सन 2013 के दंगे से यहां हजारों लोग बेघर हो गए, जिन्होंने अपने घरों को खौफ से छोड़ दिया था, जमीयत उलमा हिन्द ने मुजफ्फरनगर दंगा पीड़ितों को जिलेभर में बसाने को 466 मकान दिए। उन्होंने कहा कि देश में प्राकृतिक आपदाओं के रूप में जब कोई मुसीबत आती है जमीअत उलमा-ए-हिन्द देश की जनता के साथ खड़ी नजर आती है। कार्यक्रम का संचालन मौलाना मुस्तफा कासमी ने किया। इस मौके पर मौलाना हामिद हसन मौलाना नजर मौहम्मद, मौलाना कासिम, मौलाना मुकर्रम अली कासमी, हाफिज शेरदीन, मौ. आसिफ कुरैशी के अलावा मकानों की चाबी पाने वाले उक्त विस्थापित मौजूद रहे।

अरशद मदनी बोले मोहन भागवत से हो चुकी मुलाकात

मुजफ्फरनगर, 25 अगस्त (बु.)। पत्रकारों द्वारा जब अरशद मदनी से आरएसएस प्रमुख से मुलाकात पर सवाल किया गया तो उन्होंने कहा कि वे एक बार मोहन भागवत से मुलाकात कर चुके हैं, और वे अगर उन्हें कहीं भी बुलाएंगे तो वे वहां भी जाने को तैयार हैं, मगर बात वो अपनी ही रखेंगे। उन्होंने कहा कि आरएसएस प्रमुख से उनकी जो बात हिन्दू-मुस्लिम एकता पर हुई थी, उन्होंने उस ओर कार्य भी किया, मगर वह कार्य कितना सफल हुआ ये वे भी जानते हैं। उन्होने कहा कि उन्होंने मॉब लिंचिंग पर भी आरएसएस प्रमुख से सवाल उठाया था और अपनी मांग रखते हुए उनसे कहा था कि जल्द ही इस पर कानून बनवायें, लेकिन आरएसएस प्रमुख इस पर खामोश हो गए थे। उन्होंने उम्मीद है कि मोहन भागवत इस पर दोबारा विचार करेंगे।

मंत्री से भी नहीं दबेंगे सिंचाई विभाग के कर्मचारी, उद्यमियों के पक्ष में आए शहर के सारे व्यापारी

मुजफ्फरनगर, २५ अगस्त (बु.)। मंगलवार को सिंचाई विभाग के डाक बंगले पर एक्सईएन के तेवर दिखाने के बाद मंत्री की मौजूदगी में उद्यमियों व एक्सईएन की नोकझोक का वीडियो वायरल हुआ था। उसके बाद देर रात तक मामला शान्त होता दिखाई दे रहा था, मगर बुधवार को फिर से राज्य कर्मचारी महासंघ के जिलाध्यक्ष राहुल चौधरी द्वारा यह कह देने से कि वह सरकार के किसी भी मंत्री की गलत बात बर्दाश्त नहीं करने वाले से फिर एक बार मामले ने तूल पकड़ लिया। इतना ही नहीं अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने काली पट्टी बांधकर विरोध प्रदर्शन भी किया। उनका कहना था कि वह सरकार की मंशा के अनुरूप कार्य कर रहे हैं, फिर वे क्यों किसी से दबें। राज्य कर्मचारी महासंघ के उपाध्यक्ष विकास कुमार ने उद्यमियों को अतिक्रमणकारी बताते हुए कहा कि अतिक्रमणकारियों ने अधिकारियों के साथ दुर्व्यवहार करके सरकारी कार्य में बाधा उत्पन्न करने का प्रयास किया है। शासन-प्रशासन द्वारा अपन विभिन्न आदेशों के माध्यम से सिंचाई विभाग की नहरों, राजवाहों, माइनरों आदि पर किए गए अतिक्रमण को हटाने के लिए विभाग द्वारा कार्यवाही की जा रही है तो उसमें गलत क्या है? वहीं दूसरी ओर सिंचाई विभाग के अधिकारियों व कर्मचारियों के बढ़ते तेवर देख उद्यमियों के साथ शहर के समस्त व्यापार मण्डल भी खड़े होते दिख रहे हैं। सर्वप्रथम व्यापारी नेता संजय मित्तल द्वारा उद्यमियों के समर्थन की घोषणा की गयी। उसके बाद व्यापारी सुरक्षा फोरम व संयुक्त उद्योग व्यापार मण्डल ने भी उद्यमियों के लिए तन, मन से उनके साथ रहने की बात कही। गुरूवार या शुक्रवार को संयुक्त उद्योग व्यापार मण्डल की मीटिंग रख कोई अहम फैसला लिये जाने की सम्भावनाएं जताई जा रही हैं। व्यापारियों का कहना है कि यदि सिंचाई विभाग के कर्मचारियों एवं अधिकारियों ने कोई भी गलत कदम उठाया तो ईंट से ईंट बजा दी जाएगी। चाहे उसके लिए पूरा शहर ही क्यों न बंद करना पड़े। कुल मिलाकर सिंचाई विभाग व उद्यमियों के बीच हुई रार अब और बढ़ती दिख रही है। देखना यह होगा कि सरकार के मंत्री इस मामले को किस तरह से सुलटाते हैं। शुक्रवार तक पूरी तस्वीर साफ होने की सम्भावनाएं व्यक्त की जा रही हैं।

मुनव्वर राणा का पुत्र लखनऊ से गिरफ्तार

लखनऊ 25 अगस्त (वार्ता) जमीनी रंजिश में खुद पर फायरिंग करवा कर चाचा और रिश्तेदारों के खिलाफ साजिश रचने के आरोप में उत्तर प्रदेश की रायबरेली पुलिस ने मशहूर शायर मुनव्वर राणा के बेटे तबरेज राणा को बुधवार को लखनऊ से गिरफ्तार कर लिया। पिछली 28 जून को तबरेज ने अपने चाचा पर जानलेवा हमले का आरोप लगाया था और इस सिलसिले में रायबरेली की सदर कोतवाली में मामला दर्ज कराया था। पुलिस की जांच में तरबेज के आरोपों में कोई सच्चाई नहीं पायी गयी जिसके बाद न्यायालय ने उसके खिलाफ गैर जमानती वारंट जारी किया था। पुलिस इस सिलसिले में तरबेज के अनुसार इस हादसे में पायलट सुरक्षित बच निकलने में सफल रहा है। पुलिस उसे लेकर रायबरेली रवाना हो गयी।

वायु सेना का मिग लड़ाकू विमान दुर्घटनाग्रस्त

नयी दिल्ली 25 अगस्त (वार्ता)। वायु सेना का एक मिग-21 बाइसन लड़ाकू विमान आज राजस्थान के बाडमेर में दुर्घटनाग्रस्त हो गया हालांकि पायलट समय रहते सुरक्षित बच निकलने में सफल रहा। सूत्रों के अनुसार यह विमान नियमित प्रशिक्षण उड़ान पर था, लेकिन अचानक किसी खराबी के कारण यह दुर्घटनाग्रस्त हो गया। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार इस हादसे में पायलट सुरक्षित बच निकलने में सफल रहा है। दुर्घटना के कारणों का अभी पता नहीं चला है और विस्तृत ब्योरे की प्रतीक्षा की जा रही है। गत् मई में भी एक मिग-21 बाइसन विमान दुर्घटनाग्रस्त हो गया था। सूत्रों के अनुसार इस वर्ष अब तक चार मिग 21 विमान दुर्घटनाग्रस्त हो चुके हैं।

जंगल में दर्जनों पीपीई किट मिलने से हड़कम्प

चरथावल, २५ अगस्त (बु.)। ग्राम दहचंद के जंगल में दर्जनों इस्तेमाल की गयी पीपीई किट मिलने से क्षेत्र में हड़कंप मच गया। इस मामले में किसान ने पुलिस व स्वास्थ्य कर्मियों को सूचना दी, लेकिन सूचना देने के बाद भी स्वास्थ्य विभाग व पुलिस मौके पर नहीं पहुंची। ग्रामीणों ने पुलिस व स्वास्थ्य विभाग के प्रति रोष व्यक्त किया है। ग्राम दहचंद निवासी संदीप त्यागी ने बताया कि वह बुधवार को अपने खेत से चारा लेने गया था। जब वह अपने ईख के खेत में गया, तो वहां प्रयोग की गयी करीब तीस पीपीई किट पडी मिली। इसकी सूचना किसान ने ग्रामीणों को सूचना दी। सूचना पर सैकडों किसान जंगल की ओर दौड़े और स्वास्थ्य विभाग व पुलिस को सूचना दी, लेकिन सूचना के बावजूद भी किसी अधिकारी ने मौके पर जाना मुनासिब नहीं समझा। ईख के खेत में इस्तेमाल की गयी पीपीई किट से किसान दहशत में आ गया। जब इस मामले में सीएचसी प्रभारी से फोन द्वारा सम्पर्क साधने की कोशिश की गयी, तो सीएचसी प्रभारी ने फोन रिसीव नहीं किया।

केन्द्र सरकार ने गन्ने का मूल्य 290 रुपये प्रति क्विंटल किया

नयी दिल्ली, 25 अगस्त (वार्ता) सरकार ने अक्टूबर, 2021 से शुरू होने वाले अगले विपणन सत्र के लिए गन्ने का उचित और लाभकारी (एफआरपी) मूल्य पांच रुपये बढ़ाकर 290 रुपये प्रति क्विंटल कर दिया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में बुधवार को यहां हुई केंद्रीय मंत्रिमंडल की बैठक में 2021-22 के विपणन वर्ष (अक्टूबर-सितंबर) के लिए गन्ने का उचित और लाभकारी मूल्य बढ़ाने का फैसला किया गया। खाद्य एवं उपभोक्ता मामलों के मंत्री पीयूष गोयल ने मंत्रिमंडल की बैठक के बाद संवाददाताओं से कहा कि इस फैसले का फायदा पांच करोड़ से ज्यादा गन्ना किसानों और उनके आश्रितों को मिलेगा। साथ ही इस फैसले का सकारात्मक असर चीनी मिलों और उससे जुड़े हुई कार्यों में लगे पांच लाख श्रमिकों पर भी देखने को मिलेगा। उन्होंने कहा, '' केंद्र में नरेंद्र मोदी सरकार के आने के बाद गन्ने के एफआरपी में लगातार बढ़ोतरी हुई है। 2013-14 के दौरान देश में गन्ने का एफआरपी 210 रुपए प्रति क्विंटल होता था जो अब बढ़कर 290 रुपे प्रति क्विंटल हो गया है। सात वर्ष में गन्ने के एफआरपी में 38 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई है। '' श्री गोयल ने कहा कि चीनी वर्ष 2019-20 में गन्ना किसानों को 76000 करोड़ रुपये भुगतान करना था और उसमें अधिकतर भुगतान हो गया है, केवल 142 करोड़ रुपए का भुगतान ही बचा है। उन्होंने कहा कि चालू चीनी वर्ष 2020-21 के दौरान गन्ना किसानों को 91000 करोड़ रुपए का भुगतान होना था जिसमें से 86000 करोड़ रुपए का भुगतान हो चुका है। केंद्रीय मंत्री ने कहा, '' 290 रुपए प्रति क्विंटल का भाव उन गन्ना किसानों को मिलेगा जिनके गन्ने से चीनी की रिकवरी की दर 10 प्रतिशत होगी, जिन गन्ना किसानों के गन्ने से चीनी की रिकवरी 9.5 प्रतिशत या इससे कम रहेगी उन्हें 275 रुपए प्रति क्विंटल का भाव मिलेगा। '' उल्लेखनीय है कि हर साल गन्ना पेराई सत्र शुरू होने से पहले केंद्र सरकार एफआरपी की घोषणा करती है। मिलों को यह न्यूनतम मूल्य गन्ना उत्पादकों को देना होता है।

माननीयों के खिलाफ आपराधिक मामलों में जांच एजेंसियों के रवैये से सुप्रीम कोर्ट नाराज

नयी दिल्ली, 25 अगस्त (वार्ता) उच्चतम न्यायालय ने सांसदों एवं विधायकों के खिलाफ लंबित आपराधिक मामलों के आंकड़ों को शर्मनाक एवं निराशाजनक करार देते हुए बुधवार को कहा कि उनके खिलाफ लंबित मुकदमों की सुनवाई को गति देने के लिए त्वरित कदम उठाये जाने की आवश्यकता है। मुख्य न्यायाधीश एन वी रमन की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने कहा कि डेढ़ से दो दशक से मामले लंबित हैं, जबकि केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) और प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) जैसी एजेंसियां कुछ नहीं कर रही हैं, खासतौर से ईडी सिर्फ संपत्ति जब्त कर रही है। शीर्ष अदालत ने कहा कि यह विडम्बना ही है कि कई मामलों में आरोप पत्र तक दाखिल नहीं किये गये हैं। मुख्य न्यायाधीश ने केंद्र सरकार की ओर से पेश हो रहे सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता को कहा कि वह सीबीआई और ईडी के निदेशकों से बात करें कि समय पर जांच पूरी करने के लिए उन्हें कितने अधिकारियों की आवश्यकता है।

सिटी सैंटर में महिला की फजीहत के बाद दुकानदारों ने किया बाजार बन्द

बंद पड़ा सिटी सेंटर का बाजार व प्रदर्शन करते दुकानदार।

मुजफ्फरनगर, २५ अगस्त (बु.)। यूं तो सिटी सैन्टर में आये दिन कोई ना कोई मामला जुड़ा ही रहता है। सिटी सैन्टर कभी ग्राहकों को पीटने के मामले में चर्चा में रहता है, तो कभी किसी ओर मामले में। बुधवार को भी एक महिला का मोबाइल जब पैसा लगाने के बाद भी ठीक नहीं हुआ, तो महिला दुकानदार पर शिकायत लेकर पहुंची, मगर दुकानदार ने महिला की एक नहीं सुनी, तो उसने ११२ नम्बर पर कॉल करके पुलिस बुला ली। पुलिस आने के बाद दोनों पक्षों को खालापार चौकी ले जाया गया। इसी बीच दुकानदारों ने सिटी सैन्टर मार्किट बंद कर दिया और मार्किट परिसर में ही सैंकड़ों की संख्या में इकट्ठा हो गये। उक्त खबर की सूचना जैसे ही पुलिस को लगी, तो पुलिस ने दुकानदारों को आश्वासन दिया कि किसी के भी साथ गलत नहीं किया जायेगा। बाद में खालापार चौकी पर ही महिला व दुकानदार के बीच समझौता करा दिया गया। आपको बताते चले कि बुधवार की दोपहर एक महिला का दुकानदार राजू से विवाद हो गया था और विवाद इतना बढ़ गया था कि महिला को ११२ पर कॉल करके पुलिस को बुला लिया गया। महिला के पुलिस बुलाने पर दुकानदार खिन्न हो गये और कहने लगे कि हमारी मार्किट में रोज ही इस तरह के मामलों को तूल देकर आमजन मार्किट को बदनाम करने की कोशिश में लगे हैं। दुकानदारों का यह पक्ष पुलिस के गले भी नहीं उतर रहा, क्योंकि आये दिन उक्त मार्किट में कभी मोबाइल का कोई पुर्जा बदलने के लिए, तो कभी किसी ओर बात को लेकर ग्राहकों से झगड़े की शिकायत पुलिस के पास आती ही रहती है। सही और गलत का फैसला कर पाना मुश्किल हो जाता है कि आखिर दुकानदार सही है या ग्राहक। कुल मिलाकर सिटी सैन्टर ग्राहकों से लड़ाई के लिए फिलहाल चर्चा का केन्द्र बना हुआ है।

तालिबान को उसके कार्यों के लिए जवाबदेह ठहराया जाएगा: जी-7

लंदन/नयी दिल्ली 25 अगस्त (वार्ता) जी-7 के सदस्य देशों ने मंगलवार कहा कि तालिबान को आतंकवाद को रोकने, मानवाधिकारों (विशेष रूप से महिलाओं और लड़कियों और अल्पसंख्यकों के अधिकारों) और अफगानिस्तान में एक समावेशी राजनीतिक समझौता के मुद्दे पर उसकी कार्रवाइयों के लिए जवाबदेह ठहराया जाएगा। ब्रिटिश प्रधानमंत्री बोरिस जॉनसन द्वारा अफगानिस्तान के मुद्दे पर बुलाई गयी आपातकालीन बैठक में जी-7 के नेताओं ने कहा,''अफगानिस्तान को फिर कभी आतंकवादियों के लिए सुरक्षित पनाहगाह नहीं बनना चाहिए, न ही दूसरे देशों पर आतंकवादी हमलों का स्रोत बनना चाहिए।' जी-7 की ओर से जारी बयान में कहा गया,'हम संयुक्त राष्ट्र, जी-20 और अधिक व्यापक तौर पर, अपने सहयोगियों तथा क्षेत्रीय देशों के साथ मिलकर काम करेंगे, ताकि अफगानिस्तान के सामने उत्पन्न महत्वपूर्ण सवालों का समाधान के लिए अंतरराष्ट्रीय समुदाय को एक मंच पर लाया जा सके। जब हम ऐसा करेंगे, तो हम अफगानिस्तान की पार्टियों को उनके कार्यों से आंकेंगे, शब्दों से नहीं। बयान में कहा गया, 'विशेष रूप से हम इस बात की पुष्टि करते हैं कि तालिबान को आतंकवाद को रोकने, मानवाधिकार (विशेष रूप से महिलाओं, लड़कियों और अल्पसंख्यकों के अधिकारों) और अफगानिस्तान में एक समावेशी राजनीतिक समझौता के मुद्दे पर उनके कार्यों के लिए उसे जवाबदेह ठहराया जाएगा। भविष्य की किसी भी सरकार की वैधता इस बात पर निर्भर करती है कि वह अफगानिस्तान की स्थिरता सुनिश्चित करने के लिए अपने अंतरराष्ट्रीय दायित्वों और प्रतिबद्धताओं को बनाए रखने के लिए अब क्या दृष्टिकोण अपनाती है।

जापान के आठ और प्रांतों में आपातकाल के विस्तार की तैयारी

टोक्यो 25 अगस्त (वार्ता) जापान सरकार कोविड-19 के डेल्टा संस्करण के प्रसार के मद्देनजर देश के आठ और प्रांतों में आपातकाल का विस्तार करने की तैयारी में है। मीडिया रिपोर्टों के मुताबिक आठ और प्रांत में आपातकाल के विस्तार के साथ ही ऐसे प्रांतों की संख्या 21 हो जायेगी जो देश के 47 प्रांतों का करीब आधा हिस्सा होगा।

शाहपुर के शोरम बिजलीघर पर देर रात नकाबपोशों का जानलेवा हमला, एस.एस.ओ. का सिर फोड़ा

❑दूसरा विद्युत कर्मी भी घायल, मोबाइल लूट ले गए ❑विद्युत सब स्टेशन के फर्नीचर भी तोड़ डाले ❑सफेद रंग की अपाचे पर सवार थे हमलावर ❑विभागीय अधिकारी व पुलिस बल मौके पर ❑तीन अज्ञात हमलावरों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज

शाहपुर, २५ अगस्त (बु.)। शाहपुर बिजली घर से संबंधित ३३/११ केवी के शोरम विद्युत सब स्टेशन पर बुधवार देर रात तीन नकाबपोश बदमाशों में सनसनीखेज घटनाक्रम में बिजली घर पर तैनात एसएसओ एवं उसके साथी विद्युत कर्मी पर जानलेवा हमला किया, जिसमें एसएसओ का सिर फट गया, जबकि विद्युत कर्मी भी बुरी तरह जख्मी हो गया। हमलावरों ने दोनों के मोबाइल भी लूट लिए और सफेद रंग की अपाचे बाइक पर बैठकर फरार हो गए। घटना की सूचना पर विद्युत अधिकारी एवं पुलिसकर्मी मौके पर पहुंचे और घटना की जानकारी ली। घायल दोनों विद्युत कर्मियों का सरकारी अस्पताल में इलाज कराया जा रहा है, जबकि विभागीय एसएसओ की ओर से तीन अज्ञात लोगों के खिलाफ जानलेवा हमले का मामला दर्ज किया गया है। बताया जाता है कि आरोपियों ने बिजली घर के फर्नीचर में तोड़फोड़ भी की। घटना बुधवार देर रात की है, निकटवर्ती गांव सोरम में स्थित विद्युत सब स्टेशन पर बुढ़ाना क्षेत्र के गांव सफीपुर निवासी पंकज पुत्र चंद्रपाल एसएसओ के पद पर कार्यरत हैं। रात्रि में वह ड्यूटी पर था। उसके साथ साथी विद्युत कर्मी सचिन पुत्र इंद्रपाल निवासी सोरम भी मौजूद था। बताया जाता है कि उसी समय सफेद रंग की अपाचे पर सवार होकर तीन लोग आये, जिन्होंने चादर से अपने मुंह लपेटे हुए था। आते ही तीनों ने बगैर कुछ पूछे एसएसओ एवं दूसरे विद्युत कर्मी पर हमला बोल दिया तथा वहां रखी कुर्सियों से उनके सिर पर वार किए, जिससे एसएसओ पंकज का सिर फट गया तथा वे बुरी तरह जख्मी हो गए। इसके अलावा सचिन को भी गंभीर चोट आई। हमलावर इतने पर ही नहीं रुके, उन्होंने वहां रखे

शेष : पृष्ठ ४ पर

शाहपुर क्षेत्र के शोरम बिजली घर पर हुए हमले के बाद मौके पर पहुंचे पुलिस बल एवं व घायल विद्युत अधिकारी

जनपद में तीन सप्ताह बाद फिर मिला कोरोना केस

–ऑक्सीजन प्लांट की मशीनें आयी, जल्द स्थापना

शामली, 25 अगस्त (बु.)। जनपद में करीब तीन सप्ताह बाद फिर से कोरोना ने दस्तक दी है। जनपद में गांव तितरवाड़ा में एक युवक कोरोना पॉजिटिव मिला है, जिसके बाद उसकी कांटेक्ट रेसिंग की गई तथा कोचिंग सेंटर के तमाम लोगों और उसके परिजनों के सैम्पल लेकर टेस्ट के लिए भेजे गए हैं। कोरोना की दूसरी लहर पर नियंत्रण के लिए जिला प्रशासन और स्वास्थ्य विभाग द्वारा व्यापक प्रयास किए गए, जिनके चलते जनपद को पिछले माह के मध्य में कोरोना पर काबू पा लिया गया था और गत् करीब तीन सप्ताह से जनपद कोरोना से मुक्त चला आ रहा था। बुधवार को जनपद में एक युवक की रिपोर्ट कोरोना पॉजिटिव प्राप्त हुई, जिससे स्वास्थ्य विभाग में हड़कंप मच गया। आनन-फानन में युवक की कांटेक्ट रेसिंग की गई। बताया जाता है कि कैराना क्षेत्र के गांव तितरवाड़ा निवासी उक्त युवक गत् दिनों मेरठ गया था, जहां से वापस लौटने पर उसका आरटीपीसीआर टेस्ट हुआ था, जिसमें उसकी रिपोर्ट पॉजिटिव प्राप्त हुई। बताया जाता है कि उक्त युवक एसके कोचिंग सेंटर से जुड़ा है, जिसकी जानकारी मिलने पर स्वास्थ्य विभाग की टीम ने सेंटर से जुड़े समस्त स्टाफ और छात्र-छात्राओं के सैम्पल कोरोना जांच हेतु लिए इसके अलावा युवक के परिजनों और आसपास के लोगों के भी सैम्पल लिए गए। सीएमओ डॉ. संजय अग्रवाल ने बताया कि जनपद में प्रतिदिन दो हजार से अधिक लोगों की कोरोना जांच करायी जा रही है। उन्होंने जनपदवासियों से कोरोना गाइडलाइन का पालन करने और मास्क, सैनेटाइजर तथा दो गज की दूरी के नियम का कड़ाई से पालन की अपील की।

पीएम केयर फंड से जिला अस्पताल में लगने वाले 1000 किलो क्षमता वाले ऑक्सीजन प्लांट की तमाम मशीनें प्राप्त हो गई हैं, जिसके अगले 10-12 दिनों में स्थापित हो जाने की उम्मीद है। इसके अलावा शामली शुगर मिल से लगने वाले प्लांट की मशीनें भी प्राप्त हो गई हैं। कोरोना की दूसरी लहर में देश को सबसे ज्यादा कमी ऑक्सीजन की हुई। समय से ऑक्सीजन नहीं मिल पाने के कारण काफी संख्या में मरीजों को परेशानी का सामना करना पड़ा। दूसरी लहर के शांत होने के बाद केन्द्र और प्रदेश सरकार ने तीसरी लहर की आशंका को देखते हुए समय से पूर्व ही सभी जनपदों और प्रमुख स्वास्थ्य केन्द्रों में ऑक्सीजन प्लांट लगाने का फैसला किया है। इसके लिए पीएम केयर फंड से जनपद में एक हजार और 400 किलो क्षमता के दो ऑक्सीजन प्लांट लगाए जाने हैं। डीआरडीओ के माध्यम से लगने वाले इन प्लांटों में एक हजार किलो क्षमता वाला शामली संयुक्त जिला चिकित्सालय और दूसरा ऊन में लगाया जाना है। एक हजार किलो क्षमता वाला प्लांट लंबी प्रतीक्षा के बाद बुधवार को संयुक्त जिला चिकित्सालय पहुंच गया। मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. संजय अग्रवाल ने बताया कि यह प्लांट अगले 10-12 दिनों में स्थापित हो जाएगा। उन्होंने बताया कि अपर दोआब शुगर मिल शामली की ओर से जिला अस्पताल में लगने वाले ऑक्सीजन प्लांट की मशीनें भी प्राप्त हो गई हैं। यह प्लांट भी जल्द स्थापित हो जाएगा।

अफगानिस्तान से आये 78 लोगों में से कोई कोरोना पोजीटिव नहीं

नयी दिल्ली, 25 अगस्त (वार्ता)। अफगानिस्तान से मंगलवार को यहां लाये गये 78 लोगों को भारत तिब्बत सीमा पुलिस के केन्द्र में क्वारन्टाइन किया गया है हालाकि इनमें से कोई भी कोरोना वायरस से संक्रमित नहीं है। बल के प्रवक्ता ने आज बताया कि अफगानिस्तान से मंगलवार को यहां पहुंचे 78 लोगों में से कोई भी कोविड -19 से संक्रमित नहीं है। उन्होंने कहा कि इन सभी को आईटीबीपी के छावला कैंप में क्वारन्टाइन रखा गया है। अफगानिस्तान की राजधानी काबुल से निकाले गये 25 भारतीय नागरिकों सहित 78 लोगों को एयर इंडिया के विमान से मंगलवार को यहां लाया गया था। इनमें 46 अफगानी सिख और हिन्दू भी शामिल हैं। इस उडान से आये अफगानी सिख और हिन्दू अपने साथ काबुल गुरूद्वारे से श्री गुरू ग्रंथ साहिब के तीन पवित्र स्वरूप भी लेकर आये थे।

मोदी सरकार ने ईमान ही बेच दिया : राहुल

नयी दिल्ली, 25 अगस्त (वार्ता)। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने राष्ट्रीय मुद्रीकरण योजना को लेकर बुधवार को फिर मोदी सरकार पर कड़ा हमला किया और कहा कि राष्ट्रीय हितों के संरक्षण की बात करने वाली इस सरकार ने अब अपना ईमान भी बेच दिया है। श्री गांधी ने कहा कि यह सरकार अपना ईमान पहले ही बेच चुकी है और अब देश की संपत्ति को बेचने में जुट गयी है। श्री गांधी ने ट्वीट किया ''सबसे पहले ईमान बेचा और अब'' कांग्रेस नेता ने मंगलवार को पार्टी मुख्यालय में प्रेस कांफ्रेंस कर सरकार पर देश की संपत्ति में निजी क्षेत्र को हिस्सेदार बनाने को लेकर तीखा हमला किया और कहा कि यह सरकार 70 साल में अर्जित देश की संपत्ति को अपने कुछ पूंजीपति मित्रों को बेचकर देश के भविष्य को अंधेरे में धकेल रही है। कांग्रेस पार्टी ने भी अपने आधिकारिक हैंडल पर ट्वीट कर इस योजना को लेकर सरकार की आलोचना की और कहा ''राष्ट्रीय मुद्रीकरण योजना के नाम पर राष्ट्रीय मित्रिकरण योजना थोपी जा रही है, राष्ट्रीय संपत्ति को मित्रों के हवाले किया जा रहा है। मोदी सरकार की मित्रिकरण योजना राष्ट्र के लिए हानिकारक साबित होगी।''

आपका आज का राशिफल

बृहस्पतिवार, 26 अगस्त, 2021

मेष-समय असंतोषजनक, व्यावसायिक हानि, मानसिक अशांति, प्रतिष्ठा पर आघात, मित्रों से तनाव, वातावरण अशांतिमय, योजना अधूरी, विवाद संभव।

वृषभ- कठिनाइयों का निराकरण, पराक्रम में वृद्धि, जनकल्याण की ओर भावना जागृत, कुछेक कार्य प्रगति की ओर, विवाद का समापन पक्ष में।

मिथुन- उन्नति का मार्ग प्रशस्त, शिक्षा एवं प्रतियोगिता के क्षेत्र में सफलता, अभीष्ट सिद्धि का प्रयास सार्थक, योजना का शुभारम्भ, नौकरी में प्रोन्नति, पारिवारिक खुशी।

कर्क- साहसिक प्रयास प्रगति पर, मेल-मिलाप में रुचि, स्वयं का निर्णय लाभप्रद, दाम्पत्य जीवन में मधुरता, आकस्मिक लाभ का सुयोग, यश में वृद्धि।

सिंह- दिनमान विपरीत, लाभ का मार्ग अवरुद्ध, मानसिक तनाव, शारीरिक कष्ट, व्यावसायिक निराशा, विरोधी प्रभावी लोने की दिशा में प्रयासरत, यात्रा असंतोषजनक।

कन्या- बुद्धि चातुर्य से कुछेक मसले सुलझने की ओर, परिजनों का सलाह मान्य, पारिवारिक दायित्व की पूर्ति, नवसमाचार की प्राप्ति, पठन-पाठन में रुचि।

तुला- परिस्थितियाँ भाग्य के अनुकूल, आरोग्य सुख की प्राप्ति, कुछेक समस्याएँ सुलझने की ओर, भौतिक सुख के साधन सुलभ, राजनैतिक कृत्यों की ओर संलग्नता।

वृश्चिक- घरेलू समस्याओं का समाधान, व्यक्तिगत कार्य क्षमता में वृद्धि, वाध्यन की ओर रुझान, प्रेम संबंधों में प्रगाढ़ता, सुसंदेश की प्राप्ति से खुशी, वाहन से सुख।

धनु-सोचे हुए कार्य अधूरे, स्वास्थ्य की चिंता, एकाग्रता का अभाव, पारिवारिक मतभेद, लाभ में कमी, यात्रा कष्टकर, व्यवहार में लापरवाही हानिकारक।

मकर- दिन शुभ, परिस्थितियों में क्रमिक सुधार, शुभ भावनाओं का उदय, आत्मिक शांति, वैवाहिक अड़चनें समाप्त, अपने स्तर को बनाये रखने के लिए व्यय, यात्रा।

कुम्भ-व्यापारिक वातावरण मनोनुकूल, विचाराधीन योजना को मूर्तरूप में परिणित, धनसंचय की ओर प्रवृत्ति, दूसरों के आश्वासनों से राहत, आपसी सम्बन्ध मधुर।

मीन-स्वविवेक से लिया गया निर्णय लाभप्रद, कठिनाइयों का निराकरण, अध्यावसाय की ओर रुझान, आशानुकूल घटना घटित, पदोन्नति विषयक मसला हल।

विमल जैन, हस्तरेखा विशेषज्ञ, रत्न परामर्शदाता, फलित अंक व ज्योतिषी एवं वास्तुविद्, एस–२/१–७६,ए, वर्धन भवन, द्वितीय तल, आकांक्षा हॉस्पिटल के पास, टैगोर टाऊन एक्सटेंशन (महावीर मंदिर दू यू.पी. कालिज रोड) भोजूबीर, वाराणसी–२२१००२ मोबाइल ६३३५४१४७२२

मुजफ्फरनगर बुलेटिन

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक व मुद्रक श्री उत्तम चन्द्र शर्मा ने 'मुजफ्फरनगर बुलेटिन' प्रातःकालीन दैनिक 224-सिविल लाइन्स दक्षिणी, मुजफ्फरनगर को 'दैनिक बुलेटिन प्रेस' 223-सिविल लाइन्स दक्षिणी, मुजफ्फरनगर से मुद्रित कराकर 224-सिविल लाइन्स दक्षिणी, मुजफ्फरनगर से प्रकाशित किया।

सम्पादक- अंकुर दुआ
उप-सम्पादिका- श्रीमति पूजा दुआ
☎ (आ.)-98370-42840, 94127-10840
विज्ञापन-9368549219 (मो.)7983359929,
सम्पादक- 9412210257
e-mail :
muzaffarnagar_bulletin@yahoo.co.in
muzaffarnagar_bulletin@rediffmail.com

शिक्षक संघ की पुरानी पेंशन बहाली की मांग

शामली, 25 अगस्त (बु.)। उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ के आह्वान पर संगठन के शिक्षकों ने बुधवार को नई पेंशन स्कीम के स्थान पर पुरानी पेंशन योजना लागू करने समेत 17 सूत्रीय मांगों को लेकर जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय पर धरना एवं प्रदर्शन कर मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन जिला विद्यालय निरीक्षक को दिया। ज्ञापन में नई पेंशन स्कीम के स्थान पर पुरानी पेंशन योजना लागू करने, सभी शिक्षकों को निःशुल्क चिकित्सा सेवा, वित्तविहीन विद्यालय के शिक्षकों को समान कार्य के लिए समान वेतन एवं सभी सेवा शर्तों को लागू करने, कोरोना महामारी के नाम पर महंगाई भत्ते में की कटौती की किस्तों को वापस देने तथा महंगाई भत्ते को पूर्व की भांति बहाली, शिक्षक स्थानांतरण नीति को सरल बनाने, विद्यालयों में कार्यरत कम्प्यूटर तथा व्यावसायिक शिक्षक पूर्णकालिक शिक्षक के रूप में शिक्षण कार्य करें तथा उन्हें समान कार्य समान वेतन के सिद्धांत के आधार पर वेतन देने, सहायक विद्यालय में मान्यता की धारा 7 (क) के अंतर्गत नियुक्त शिक्षकों को उच्चतम न्यायालय के दिए गए निर्देशों के अनुसार समान कार्य के लिए समान वेतन की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। इसके अलावा ज्ञापन में मांग की गई कि विनियमितीकरण से वंचित प्रधानाचार्य व शिक्षकों को विनियमित किया जाए, उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा सेवा चयन बोर्ड अधिनियम की धारा 21 को यथावत रखा जाए, महिला शिक्षकों को अनुमन्य अवकाश की सुविधा को अनिवार्य रूप से अनुमन्य कराने की व्यवस्था सुनिश्चित हो, 2014 से बंद सामूहिक बीमा चालू करने, जो शिक्षक 22 मार्च 2016 को हुए हैं, उन्हें नियुक्ति के दिनांक से पुरानी पेंशन व सभी लाभ, प्रोन्नत वेतनमान से स्नातकोत्तर उपाधि की बाध्यता समाप्त की जाए, शिक्षकों पर एस्मा लगाकर उनके संवैधानिक अधिकारों का हनन किया जा रहा है, तत्काल प्रभाव से समाप्त करने, ऐसे शिक्षक जो वर्ष 2005 से पहले नियुक्त हैं, लेकिन विनियमित न होने के कारण तदर्थ आधार पर कार्य करते हुए सेवानिवृत्त हो चुके हैं, उन्हें पुरानी पेंशन व्यवस्था का लाभ देने, विद्यालय खोलने को जारी शासनादेश जिसमें 8 से 4:30 बजे की बाध्यता वापस लेने, केंद्र सरकार द्वारा केंद्रीय कर्मचारियों के लिए लागू की गई कटौती धनराशि, जो केंद्र सरकार को जमा करानी है, यह व्यवस्था उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा अपने कर्मचारियों एवं शिक्षकों पर भी लागू करने की व्यवस्था अविलंब सुनिश्चित की जाए। इस अवसर पर माध्यमिक शिक्षक संघ के जिला अध्यक्ष विनेश त्यागी, जिला मंत्री प्रमेंद्र कुमार, कोषाध्यक्ष प्रमोद कुमार ने विचार व्यक्त किए। धरने में प्रधानाचार्य विनीत गुलाटी, छोटेलाल, अनिल कुमार चौधरी, अमरपाल सिंह, कंवरपाल सिंह, संदीप कुमार, शमशेर अली, जसराज सिंह, अदीब अहमद, अरविंद कुमार, अनिल चौधरी, मनोज कुमार पांडे, राजेंद्र प्रसाद वर्मा, शाहिद अंजुम, शिव बहादुर, कुलदीप शर्मा, चंद्र कुमार, उमेश कुमार, दलीप कुमार, अमरजीत, प्रवीण कुमार दुबे, अरविंद यादव, नीरज कुमार, अशोक कुमार, अनुराग प्रकाश, अमित कुमार गोस्वामी, कपिल पवार, शोभित कुमार, अंकित, विनोद कुमार, रविंद्र कुमार, संतराज, सतेंद्र कुमार, अमित चौहान, प्रविंदर कुमार, प्रीतम सिंह, सुभाष चंद, नीरज कुमार, नरेश पाल तोमर, विजय कुमार, पंकज सैनी, रविंद्र कुमार, विकास कुमार, नवनीत कुमार, नीरज शर्मा, शंभू नाथ, प्रमोद कुमार, अश्वनी कुमार सहित सैंकड़ों की संख्या में शिक्षक मौजूद रहे।

विद्युत विभाग के अफसर-कर्मी सम्मानित किए गए

शामली, 25 अगस्त (बु.)। टीम अजय संगल द्वारा जिले में पहली बार विद्युत विभाग के अधिकारियों व कर्मचारियों के सम्मान समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे अरुण बंसल ने विद्युत विभाग के अधिकारियों को बिजली की समस्याओं के निस्तारण में सराहनीय कार्य करने पर प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। बुधवार को नगर के हनुमान चौक स्थित एक रेस्टोरेंट में टीम अजय संगल द्वारा विद्युत विभाग के अधिकारियों व कर्मचारियों के सम्मान समारोह का आयोजन किया गया, जिसका शुभारंभ मुख्य अतिथि सिल्वर बैल्स स्कूल के चेयरमैन अरुण बंसल, अनिल गोयल व एसडीओ ब्रजमोहन सोनी व वार्ड सभासद पति निशीकांत संगल ने संयुक्त रूप से किया। इस दौरान मुख्य अतिथि अरुण बंसल ने शामली शहर में विद्युत विभाग के अधिकारियों द्वारा जनता की बिजली की समस्याओं के समाधान में किए जा रहे सराहनीय कार्यों की सराहना की। निशीकांत संगल ने कहा कि विद्युत विभाग के अधिकारी 24 घंटे शामली शहर के लोगों की समस्याओं के निस्तारण में हमेशा सहयोग देते हैं और व्हाट्सअप के माध्यम से भेजे गए एसएमएस द्वारा ही समस्या का निस्तारण करा दिया जाता है, जिसको लेकर शामली शहर का हर नागरिक विद्युत विभाग के अधिकारियों की सराहना कर रहा है। इस दौरान मुख्य अतिथि अरुण बंसल द्वारा विद्युत विभाग के अधिकारियों व कर्मचारियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर सभासद अनिल उपाध्याय, पंकज गुप्ता, राजीव गोयल, अमित मित्तल, ध्रुव संगल, आकाश गोयल, मनीष नामदेव, सुनील उपाध्याय, सलमान अहमद, विभोर गर्ग, डॉ. अर्जुन वर्मा, धनप्रकाश वर्मा आदि मौजूद रहे।

मृतक आश्रित होमगार्ड पदों के लिए दौड़े

शामली, 25 अगस्त (बु.)। उत्तर प्रदेश होमगार्ड सेवा में मृतक आश्रित कोटे से छह पदों के लिए बुधवार को फिजीकल दौड़ का आयोजन किया गया। होमगार्ड के जिला कमांडेंट की निगरानी में सभी अभ्यर्थियों ने दो किलोमीटर की दौड़ में भाग लिया। इस दौरान होमगार्ड के अधिकारी भी मौजूद थे। उत्तर प्रदेश होमगार्ड विभाग में सेवाकाल के दौरान पिछले कुछ समय से जनपद में कोरोना समेत विभिन्न कारणों से समय-समय पर 9 होमगार्डों की मृत्यु हो गयी थी, जिनके रिक्त पदों के लिए मृतक आश्रित कोटे से उत्तर प्रदेश होमगार्ड महानिदेशक के निर्देश पर आवेदन आमंत्रित किये गए थे। सभी नौ पदों के लिए आवेदन प्राप्त हुए, जांच में एक आवेदक महिला थी, लेकिन जनपद में महिला बटालियन न होने के कारण उसके आवेदन को प्रदेश मुख्यालय भेज दिया गया है, जबकि दो आवेदकों के दस्तावेज की जांच चल रही है। शेष छह आवेदकों के लिए बुधवार को फिजीकल दौड़ का आयोजन किया गया। मुजफ्फरनगर/शामली के जिला कमांडेंट विजय कुमार सिंह की देखरेख और मंडलीय कमांडेंट देवीराम के प्रतिनिधि की उपस्थिति में पूर्वी यमुना नहर पटरी बधेव पुल के निकट दो किलोमीटर की दौड़ आयोजित की गई। यह दौड़ सभी को दस मिनट में पूरी करनी थी, जिसमें अक्षय पंवार, विपिन कुमार, सचिन कुमार, सुभाष सैनी, आकर्ष कुमार और संजीव कुमार ने भाग लिया। इस अवसर पर राजपाल सिंह, जितेन्द्र कुमार तोमर, नरेन्द्र सिंह चौहान, आरके शर्मा, धर्मेन्द्र सिंह, ऋषिपाल सिंह मलिक, दिनेश कुमार आदि होमगार्ड के अधिकारी, कर्मचारी मौजूद थे।

बंद हो खत्म हो चुके जीएसटी के विभिन्न सेक्शन की जांच

शामली, 25 अगस्त (बु.)। टैक्ससेशन बार एसोसिएशन ने वाणिज्यकर कमिश्नर को ज्ञापन देकर जीएसटी के खत्म हो चुके सेक्शन में जांच के नाम पर व्यापारियों का उत्पीड़न रोकने की मांग की है। बुधवार को टैक्सेशन बार एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने वाणिज्यकर कमिश्नर को ज्ञापन देकर कहा कि विभाग द्वारा जारी वर्ष 2017-18 व 2018-19 की आईटीसी मिलान के सम्बंध में दिए गए नोटिस जीएसटी एएसएमटी-10 का 3बी व 2ए से मिलान संभव नहीं है, क्योंकि उस वक्त 2ए का अस्तित्व ही नहीं था। 2ए पोर्टल पर ही एक अक्टूबर 2019 के बाद ही आया है और उस वक्त वर्ष 2017-18 व 2018-19 में संसोधन का समय समाप्त हो चुका था। उन्होंने कहा कि क्रेता व्यापारी को प्राप्त खरीद की आईटीसी का सत्यापन विभाग विक्रेता व्यापारी के संबंधित विभाग से कराये। इस संबंध में क्रेता व्यापारी प्राप्त टैक्स इनचाइंस प्रति व अन्य अनिर्वाय दस्तावेज उपलब्ध कराएगा। उन्होंने कहा कि विभाग की तरफसे ऐसा कोई कार्य न किया जाये, जिससे व्यापारी को लगे कि जीएसटी लागू होने पर उनका उत्पीड़न बढ़ गया है। इस अवसर पर अध्यक्ष राजेश मिश्रा, महासचिव अविनाश संगल, वीवी गुप्ता, श्यामलाल, सत्यपाल सिंह, गौरव मित्तल, मयंक गर्ग, अमित कुमार, श्रवण कुमार, दीपक कुमार आदि मौजूद रहे।

कोरोना टीकाकरण 60 करोड़, जांच 50 करोड़ के पार

नयी दिल्ली, 25 अगस्त (वार्ता)। देश में अब तक करीब 60 करोड़ लोगों का टीकाकरण किया जा चुका है, जबकि कुल जांच का आंकड़ा 50 करोड़ के पार पहुंच गया है। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय की ओर से बुधवार की सुबह जारी आंकड़ों के अनुसार देश में मंगलवार को 17,92,755 लोगों की कोरोना जांच की गयी, जिसके साथ ही अब तक हुए कुल जांच की संख्या बढ़कर 51 करोड़ 11 लाख 84 हजार 547 हो गयी है। मंत्रालय के मुताबिक देश में टीकाकरण का काम भी युद्धस्तर पर जारी है, जो अब 60 करोड़ के करीब पहुंच गया है। देश में मंगलवार को 61 लाख 90 हजार 930 लोगों को कोरोना के टीके लगाये गये तथा अब तक 59 करोड़ 55 लाख 04 हजार 593 लोगों का टीकाकरण किया जा चुका है।

भाकियू का आरोप केन्द्र सरकार किसान विरोधी

शामली, 25 अगस्त (बु.)। मुजफ्फरनगर में कृषि कानून के विरोध में 5 सितंबर को महापंचायत को सफल बनाने के लिए भारतीय किसान यूनियन की नगर पालिका में बैठक कर कार्यकर्ताओं से अधिक से अधिक संख्या में पहुंचने का आह्वान किया है। नगर पालिका में बैठक को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष कपिल खाटियान ने कहा कि केन्द्र सरकार ने नये कृषि कानून बनाकर किसानों को बर्बाद करने का काम किया है। किसान लगातार आन्दोलन कर रहा है, लेकिन केन्द्र सरकार सुध लेने को तैयार नहीं है। भाजपा नेता द्वारा किसानों को आन्दोलनजीवी, आतंकवादी, खालिस्तानी, तालिबानी न जाने क्या क्या बताया गया, लेकिन किसान सब कुछ सहन करने का काम कर रहा है। भाजपा सरकार किसानों के खिलाफखड़ी है, लेकिन किसान भी पीछे हटने वाला नहीं है। 5 सितंबर को मुजफ्फरनगर में महापंचायत को अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर सफल बनाये जाने का आह्वान किया। इस अवसर पर गुड्डू बनत, देवराज पहलवान, पप्पू भारसी, दीपक शर्मा, ओमपाल सिंह, बाबा शोकिन्द्र, अजाज खान, गयूर हसन, इमरालन, अरविन्द, अमरदीप लाठियान आदि मौजूद रहे।

मंडल आयोग के निर्माता बीपी मंडल की 103वीं जयंती मनाई

शामली, 25 अगस्त (बु.)। मंडल आयोग के निर्माता और बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री बीपी मंडल की 103वीं जयंती मनाई। बुधवार को जिला उपाध्यक्ष रविंद्र पाल के आवास पर सपा पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ ने बुधवार को मंडल आयोग के अध्यक्ष बीपी मंडल की 103वीं जयंती मनाई गई। जिलाध्यक्ष संजय उपाध्याय ने कहा कि पिछड़े समाज के लोग जो तरक्की पा सके हैं। वह बीपी मंडल की कोशिश से ही हो सका है। उनके द्वारा किये गए कार्यों को समाज कभी नही भुला सकेगा। बीपी मंडल ने पिछड़ों को ऊपर उठाने का प्रयास किया है। भाजपा सरकार में पिछड़ों की लगातार अनदेखी की जा रही है। आबादी के अनुपात में सभी को हिस्सेदारी दी जाए। जातीय जनगणना कराई जाए। निजी क्षेत्रों में भी मंडल कमीशन की रिपोर्ट को लागू कर आरक्षण का लाभ दिया जाए। मंडल कमीशन की सभी सिफारिशें पूरी तरह से लागू की जाए। इस अवसर पर कुलदीप तोमर, रविन्द्र पाल, सचिव सुभाषचंद सैन, बनारसी प्रजापत, रहीश मिर्जा, साजिद चौधरी, भूपसिंह सैनी, उज्ज्वल कश्यप, चौधरी नसीम, राशिद, अरुण सैन, कृष्णपाल कश्यप, आशीष सैन, सानेजर, फुरकान, चौधरी आशिफअली आदि मौजूद रहे।

कांधला में न्याय यात्रा के दौरान शामिल हुए किसान

कांधला, 25 अगस्त (बु.)। नगर में तीन कृषि कानून ओर वंचितों को न्याय दिलाने के लिए कस्बे के भारसी मोड स्थित जिला पंचायत सदस्य अरविंद पंवार के शिवालिक ढाबे से राष्ट्रीय लोक दल के सैंकड़ों कार्यकर्ताओं द्वारा राष्ट्रीय अध्यक्ष जयंत चौधरी आह्वान पर आयोजित न्याय यात्रा रैली का स्वागत किया गया। राष्ट्रीय लोकदल नेता डॉ विक्रांत जावला द्वारा बताया गया है कि अनुसूचित प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रशांत कनौजिया के नेतृत्व में न्याय यात्रा का उत्साह के साथ आयोजन किया गया। इसलिए हम सभी कार्यकर्ता यहां पर इकट्ठा हुए हैं। सैंकड़ों किसान व सभी वर्गों के लोग एकजुटता के साथ न्याय यात्रा में शामिल होकर केंद्र व प्रदेश सरकार के विरुद्ध प्रदर्शन कर सरकार की आंख खोलने का काम करेंगे। जिला पंचायत सदस्य अरविंद पवार ने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह के नेतृत्व में किसान मजदूर आमजन ने अपने हितों की लड़ाई के लिए उनके नेतृत्व में संघर्ष किया है। आज फिर राष्ट्रीय लोकदल के नेतृत्व में किसान मजदूर व सभी वर्गों के हितों की लड़ाई के लिए न्याय यात्रा के बैनर तले केंद्र सरकार व प्रदेश सरकार के विरुद्ध आंदोलन का बिगुल फूंका है। इस दौरान सैंकड़ों लोग उपस्थित रहे।

आज का इतिहास

नयी दिल्ली, 25 अगस्त (वार्ता)। भारतीय एवं विश्व इतिहास में 26 अगस्त की प्रमुख घटनाएं इस प्रकार हैं: 1303 - अलाउद्दीन खिलजी ने राणा भीम सिह को हराने के बाद चित्तौड़गढ़ पर कब्जा किया। 1541- तुर्की के सुल्तान सुलेमान ने बुडा और हंगरी को अपने कब्जे में किया। 1676- ब्रिटेन के पहले प्रधानमंत्री रॉबर्ट वालपोल का जन्म। 1910- नोबेल शांति पुरस्कार एवं भारत रत्न से सम्मानित 'संत' मदर टेरेसा का युगोस्लाविया के स्कोपजी में जन्म। 1920- अमेरिका में महिलाओं को मताधिकार मिला। 1927- हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री एवं स्वतंत्रता सेनानी बंसीलाल का जन्म। 1928- हीरो साइकिल्स के सह संस्थापक भारतीय व्यापारी एवं समाज-सेवी ओम प्रकाश मुंजल का जन्म। 1956- भारतीय जनता पार्टी की नेता एवं पशु-अधिकारवादी मेनका गांधी का जन्म। 1975- स्वतंत्रता सेनानी, पत्रकार एवं पद्मभूषण से सम्मानित डॉ. नारायण सुब्बाराव हार्दिकर का निधन। 1977- जर्मनी के म्यूनिख शहर में 20वें ओलंपिक खेलों की शुरुआत। 1978- जॉन पॉल रोमन कैथोलिक चर्च के पोप बने। 1982- नासा ने टेलीसैट-एफ का प्रक्षेपण किया। 1988- म्यांमार की अहिंसावादी लोकतंत्र समर्थक नेता आंग सान सू ची मोर्चा लेकर रंगून पहुंचीं। 1994- इंसानी दिल को चलाने के लिए पहली बार बैटरी का प्रयोग किया गया। 1999- माइकल जॉनसन ने 400 मीटर दौड़ में विश्व रिकार्ड बनाया। 2012- हिंदी फिल्मों के दिग्गज अभिनेता ए के हंगल का निधन। 2015- अमेरिका के वर्जीनिया में दो पत्रकारों की गोली मारकर हत्या कर दी गई।

जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक सम्पन्न

मुजफ्फरनगर, २५ अगस्त (सूवि)। डीएम चंद्र भूषण सिंह महोदय की अध्यक्षता में राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अंतर्गत जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक आहूत की गई, जिसमें जिला अधिकारी द्वारा ओपीडी, एक्स–रे, अल्ट्रासाउंड के बारे में विश्लेषण किया गया एवं प्रत्येक डॉक्टर को अपने संबंधित सीएचसी एवं पीएचसी के वार्ड में भ्रमण करने हेतु निर्देशित किया गया। इसके अतिरिक्त डीएम ने जिला अस्पताल को मॉडर्न अस्पताल बनाने का प्रस्ताव रखा। डीएम ने मुख्य मुख्य चिकित्सा अधिकारी को निर्देशित किया कि जनपद में सिटी स्कैन संचालकों द्वारा ओवर रेटिंग की शिकायतें प्राप्त हो रही हैं। ऐसे संचालकों के विरुद्ध जांच कराई जाए एवं नियम विरुद्ध चार्ज लिए जाने पर सेंटर को सील किए जाने की कार्रवाई करें। इस बैठक में मुख्य विकास अधिकारी मुख्य चिकित्सा अधिकारी मुख्य चिकित्सा अधीक्षक एवं अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे।

डीएम की अध्यक्षता में अति कुपोषित बच्चों की देखभाल एवं बच्चों के प्रबंधन के लिए बैठक आहूत की गई

मुजफ्फरनगर, २५ अगस्त (सूवि)। कलेक्ट्रेट स्थित लोकवाणी सभागार में बुधवार को डीएम की अध्यक्षता में राज्य पोषण मिशन के अंतर्गत अति कुपोषित बच्चों की देखभाल एवं बच्चों के प्रबंधन के लिए बैठक आहूत की गई, जिसमें जिला अधिकारी द्वारा ऐसे गरीब परिवार जिनमें कुपोषित बच्चे तथा अति कुपोषित बच्चे हैं, उन्हें सार्वजनिक वितरण प्रणाली के तहत अंत्योदय कार्ड और मनरेगा जॉब कार्ड का लाभ दिया जाएगा एवं ऐसे परिवारों की महिलाओं को स्वयं सहायता समूह से जोड़ा जाएगा, जिससे उनके परिवार में रोजगार उपलब्ध हो एवं उनकी आय में वृद्धि हो सके और वह अपने परिवार, कुपोषित बच्चे को पोषण से युक्त भोजन उपलब्ध करा सकें। डीएम चंद्र भूषण सिंह ने निर्देश दिए गए कि कुपोषित बच्चों तथा अति कुपोषित बच्चों के परिवारों को गौशालाओं से दुधारू गाय उपलब्ध कराईं जाएं तथा जिला उद्यान अधिकारी द्वारा प्रत्येक परिवार में आंवला, सहजन आदि पौष्टिक फलों के पौधे भी लगवाए जाएं। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. महावीर सिंह द्वारा समस्त प्रभारी चिकित्सा अधिकारियों को निर्देश दिए गए कि कुपोषित तथा अति कुपोषित बच्चों का टीकाकरण शत–प्रतिशत हो यह सुनिश्चित किया जाए। इस कार्य को संपन्न कराने के लिए खंड शिक्षा अधिकारी, बाल विकास परियोजना अधिकारी, प्रभारी चिकित्सा अधिकारी एवं खंड विकास अधिकारी की अध्यक्षता में एक वर्किंग कमेटी बनाई जाएगी, जिसमें अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी एवं उप जिलाधिकारी को तहसील स्तर पर नोडल बनाया जाएगा। बैठक में डीएम चंद्र भूषण सिंह ने राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अंतर्गत जिला स्वास्थ्य समिति के साथ भी चर्चा की, जिसमें जिलाधिकारी द्वारा ओपीडी, एक्स–रे, अल्ट्रासाउंड के बारे में विश्लेषण किया गया एवं प्रत्येक चिकित्सक को अपने संबंधित सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र (सीएचसी) एवं प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र (पीएचसी) के वार्ड में भ्रमण करने के लिए निर्देशित किया गया। इसके अतिरिक्त जिलाधिकारी ने जिला अस्पताल को मॉडर्न अस्पताल बनाने का प्रस्ताव रखा। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी, मुख्य चिकित्सा अधिकारी, जिला कार्यक्रम अधिकारी एवं समस्त बाल विकास परियोजना अधिकारी उपस्थित रहे।

एंकोरेज इंफ्रास्ट्रक्चर इन्वेस्टमेंट होल्डिंग में 15 हजार करोड़ के एफडीआई मंजूर

नयी दिल्ली, 25 अगस्त (वार्ता)। सरकार ने एंकोरेज इंफ्रास्ट्रक्चर इन्वेस्टमेंट होल्डिंग लिमिटेड में 15,000 करोड़ रुपए तक के विदेशी प्रत्यक्ष निवेश (एफडीआई) के प्रस्ताव को बुधवार को मंजूरी दे दी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में आर्थिक मामलों की मंत्रिमंडलीय समिति की हुयी बै

1973-2021

सम्पादक की क़लम से

कल्याण सिंह, अखिलेश यादव

कल्याण सिंह के अन्तिम संस्कार के बाद भाजपा नेताओं ने अखिलेश यादव पर जमकर निशाना साधा है। कई नेताओं ने अखिलेश यादव को नैतिकता का पाठ पढ़ाया है। दूसरी तरफ़ नारायण राणे की गिरफ़्तारी पर भी सियासी कटाक्ष और चैनलीय बयानबाज़ी दोनों चल रहे हैं। अखिलेश यादव के कल्याण सिंह को श्रद्धांजलि देने न पहुंचने पर भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष स्वतंत्र देव सिंह ने तीखे वार किए। उन्होंने कहा कि अखिलेश जी अपने आवास से मात्र 1 किलोमीटर दूर माल एवेन्यू में 'बाबूजी' को श्रद्धांजलि देने नहीं आ सके। कहीं मुस्लिम वोट बैंक के मोह ने उन्हें पिछड़ों के सबसे बड़े नेता को श्रद्धांजलि देने से तो नहीं रोक लिया? सांसद साक्षी महाराज ने कहा कि राम भक्त कल्याण सिंह जी अब नहीं रहे। बहुत दुर्भाग्य की बात है कि अखिलेश यादव 3 दिनों में कभी भी श्रद्धांजलि देने नहीं आए। यूँ तो कहने के लिए अखिलेश यादव भी पिछड़ों की राजनीति करते हैं और कल्याण सिंह तो पिछड़ो के सबसे बड़े नेता थे। जिस नेता ने कई बार इनके पिता की लाज बचाई। समाजवादी पार्टी की सरकार में भी सहभागी रहे। उसके अंतिम समय में भी अखिलेश नहीं आए। तुष्टीकरण के आधार पर व्यक्ति नैतिकता को इस तरह से तार-तार कर देगा। यह बहुत ही निंदनीय है और चिंता का विषय है। सांसद और भाजपा के प्रदेश महामंत्री सुब्रत पाठक ने कहा कि अगर अखिलेश यादव और मुलायम सिंह यादव 'बाबूजी' के पार्थिव देह के अंतिम दर्शन कर लेते, तो उन्हें रामभक्तों पर चलाई गई गोलियों के पाप धोने का आखिरी मौका मिल जाता। कल्याण सिंह जैसे नेता को अगर मुलायम सिंह और अखिलेश यादव श्रद्धांजलि और सम्मान नहीं देंगे, तो इससे बाबू जी के क़द पर कोई असर नहीं पड़ेगा। भाजपा प्रदेश प्रवक्ता आलोक अवस्थी ने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री कल्याण सिंह जी देश में पिछड़ों के बड़े नेता थे। उनको श्रद्धांजलि न देना, अखिलेश यादव जी का यह आचरण उनके नैतिक मूल्यों का पतन है। जब अखिलेश अपने पिता मुलायम सिंह और चाचा शिवपाल सिंह का सार्वजनिक रूप से अपमान कर चुके हों, उनसे यह आशा रखना कि वे कल्याण सिंह जी को श्रद्धांजलि देंगे, व्यर्थ ही है। उत्तर प्रदेश सरकार में कैबिनेट मंत्री स्वामी प्रसाद मौर्य ने कहा कि कल्याण सिंह की वजह से मुलायम सिंह की सरकार बनी थी। कल्याण सिंह के अंतिम यात्रा में न तो मुलायम सिंह व अखिलेश पहुंचे और न ही कांग्रेस का कोई भी छोटा-बड़ा नेता शामिल हुआ। चाहे राहुल गांधी हो या प्रियंका गांधी हो, कोई भी नहीं आया। इससे जाहिर है कि ये दोनों दल पिछड़ों के नेता का सम्मान नहीं करना चाहते। इन चर्चाओं पर बाद उपमुख्यमंत्री केशव मौर्या ने कहा कि बाबूजी यानी कल्याण सिंह 'हिंदू हृदय सम्राट' थे। राहुल और प्रियंका के ट्वीट न करने से या शोक व्यक्त न करने से करोड़ों देशवासियों के दिलों में राज करने वाले 'बाबूजी' के सम्मान पर कोई असर नहीं पड़ेगा। इन सभी कटाक्षों पर समाजवादी पार्टी के प्रवक्ता अनुराग भदौरिया ने कहा कि हम भावनाओं पर वोट की राजनीति नहीं करते हैं। मगर भाजपा मार्केटिंग और इवेंट करती है। यह वही भाजपा है, जिसने कल्याण सिंह पार्टी से निकालकर उन्हें फांसी पर लाकर खड़ा कर दिया था। तब समाजवादी पार्टी ने उन्हें समाज में उनका सम्मान वापस दिलाया था। आज वह हमारे बीच नहीं है तो भाजपा इवेंट कर रही है। हम समाजवादी पार्टी के लोग दिल से जुड़ते हैं। भावनाओं से जुड़ते हैं। भावनाओं पर वोट की सियासत नहीं करते। राहुल गांधी या प्रियंका गांधी की तरफ़ से कोई जवाब नहीं दिया गया। उधर महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे के लिए कान के नीचे बजाने वाला आपत्तिजनक बयान देने वाले नारायण राणे को बॉम्बे हाईकोर्ट से राहत मिल गयी है। कल कोर्ट ने कहा कि राणे के खिलाफ नासिक में दर्ज एफआईआर पर 17 सितंबर तक कार्रवाई न की जाए। इसके साथ ही पुणे में दर्ज केस की सुनवाई भी टाल दी गई है। मंगलवार को नासिक पुलिस ने राणे को गिरफ़्तार किया था। बाद में वे जमानत पर रिहा हो गए। अब नासिक पुलिस ने अपने यहां दर्ज एक केस में राणे को नोटिस भेजकर उन्हें 2 सितंबर को हाजिर रहने के लिए कहा है। राणे के खिलाफ पहला केस नासिक ही में दर्ज किया गया था और यहीं से उनके ख़िलाफ़ वारंट भी जारी हुआ था। इस बीच राणे की जन आशीर्वाद यात्रा दो दिन के लिए स्थगित कर दी गई है।राणे की गिरफ्तारी के बाद नासिक में शिवसेना कार्यकर्ताओं ने भाजपा ऑफिस पर पथराव किया था। इसके बाद भाजपा कार्यकर्ताओं ने पलटवार किया। इस हमले में कुछ शिवसैनिक घायल हुए थे। अब पुलिस ने इस मामले में 100 से ज़्यादा लोगों के खिलाफ भद्रकाली पुलिस स्टेशन में केस दर्ज किया है। महाड कोर्ट ने जमानत देते हुए राणे को 15 हजार का बॉन्ड भरने को कहा था। नासिक पुलिस राणे के ऑडियो को उनके मुख्यमंत्री के लिए दिए बयान से मैच करना चाहती है, इसलिए राणे को 2 सितंबर को नासिक में बुलाया गया है। राणे को 30 अगस्त और 13 सितंबर को रायगढ़ अपराध शाखा के सामने भी पेश होना है। जमानत देते समय कोर्ट ने राणे को 'सख़्त हिदायत' दी कि वे दस्तावेजों और सबूतों से छेड़छाड़ नहीं करें। नारायण राणे की गिरफ़्तारी के बाद उद्धव ठाकरे के पुराने बयान को भी याद किया जा रहा है। मई 2018 में खुद उद्धव ठाकरे ने उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के लिए कुछ ऐसा ही कहा था, हालांकि आदित्यनाथ ने उनके बयान को तूल नहीं दिया। इससे उस पर कार्रवाई नहीं हो सकी। पालघर में एक चुनाव प्रचार के दौरान उद्धव ठाकरे इस बात से नाराज हो गए थे कि शिवाजी की प्रतिमा पर माल्यार्पण करते समय योगी आदित्यनाथ ने खड़ाऊं पहन रखे थे। उनकी नजर में यह शिवाजी का अपमान है। उद्धव ने कहा था, यह योगी तो गैस के गुब्बारे की तरह है,जो सिर्फ़ हवा में उड़ता रहता है। आया और सीधे चप्पल पहनकर महाराज के पास चला गया। ऐसा लग रहा है उसी चप्पल से उसे मारूं। उस वक़्त तक शिवसेना और भाजपा अलग हो चुकी थी। अब राणे और उद्धव दोनों के बयानों की तुलना हो रही है।

चार तीर -सुनील 'उत्सव'

'हरकत' 'बातें' 'नीयत' 'चेहरे'
दूर देश के शैतानों की हरकत से खुश होते हो,
तुमको उनकी काली-काली बातें अच्छी लगती हैं।
सोच तुम्हारी, नीयत सारी,चेहरे अब,सब साफ़हुए,
शैतानों को शैतानों की बातें अच्छी लगती हैं।

शोक संदेश

अत्यंत दुःख के साथ सूचित किया जाता है कि हमारे पूज्य पिताजी
श्री नीलकमल गोयल (गुच्ची जी) का
स्वर्गवास दिनांक 16 अगस्त 2021, दिन सोमवार
को हो गया है। प्रभु की ऐसी ही इच्छा थी।
रस्म पगड़ी दिनांक 27 अगस्त 2021, दिन शुक्रवार को **दोपहर 2 बजे, स्थान : माढ़ी की धर्मशाला, गौशाला रोड, नई मण्डी, मुजफ्फरनगर** में होगी।
हवन प्रातः 9 बजे व ब्रह्मभोज 11 बजे होगा।

प्रतिष्ठान
मै. श्री नाथ ट्रेडर्स
97-बी, सुल्टीनगंज
आलू मण्डी, मुजफ्फरनगर
मै. पूजा ट्रेडिंग कम्पनी
97-ए, सुल्टीनगंज
आलू मण्डी, मुजफ्फरनगर
शाकुम्भरी गारमेन्ट्स
26-ए, नई मण्डी मुजफ्फरनगर

शोकाकुल परिवार
बबीता रानी (पत्नी)
विवेक गोयल, श्याम गोयल (पुत्र)
दिनेश बिहारी, पवन कुमार (भाई)
प्रदीप कुमार (भाई)
विकास अग्रवाल-चांदनी (दामाद-पुत्री)
गंगा प्रसाद (भतीजा)
गोपाल गोयल 'सीए' (भतीजा)
अंकुर, अंकित (भतीजे)
आकाश, राम गोयल (भतीजे)
एवं समस्त गोयल परिवार एवं मित्रगण

निवास : 94-द्वारकापुरी, निकट पानी की टंकी, मुजफ्फरनगर
मोबाइल : 9412215099, 9045723944
नोट : कृपया पगड़ी लाने का कष्ट न करें।

प्रकाश चौक पर प्रदर्शन के बीच जमकर धक्का-मुक्की, हंगामा

- किसान समस्याओं को लेकर कचहरी न आने देने पर आक्रोश - गन्ना मूल्य बढ़ोतरी जैसे मुद्दों पर सौंपा ज्ञापन, निदान की मांग

मुजफ्फरनगर, 25 अगस्त (बु.)। किसानों की विभिन्न समस्याओं के समाधान के साथ गन्ना मूल्य वृद्धि व भुगतान जैसे मुद्दों को लेकर आज हिन्दू मजदूर किसान समिति के कार्यकर्ताओं ने ट्रैक्टर, हल और हथौडा लेकर सड़कों पर प्रदर्शन किया। इस बीच कलेक्ट्रेट कूच करते लोगों को अफसरों ने प्रकाश चौक पर रोकने का प्रयास किए जाने पर जमकर हंगामा हो गया। इस बीच कार्यकर्ताओं की पुलिस के साथ जमकर धक्का-मुक्की हुई और बाद में पदाधिकारियों को कलेक्ट्रेट में जाने की अनुमति मिलने पर ही हंगामा शांत हुआ। किसान समस्या के समाधान की मांग को लेकर बुधवार को हिन्द मजदूर किसान समिति के बैनर तले सैंकड़ों किसान ट्रैक्टरों के साथ राजकीय इण्टर कॉलेज के मैदान पर एकत्र हुए और यहां से ट्रैक्टर परेड करते हुए इन लोगों ने कलेक्ट्रेट की ओर कूच कर दिया। जब ये लोग ट्रैक्टरों और हल व हथौडे के साथ नारेबाजी करते हुए प्रकाश चौक पर पहुंचे तो यहां नगर मजिस्ट्रेट अभिषेक कुमार सिंह के नेतृत्व में तैनात पुलिस ने इन्हें कलेक्ट्रेट जाने से रोक दिया। इस दौरान कचहरी में प्रवेश को रोके जाने के लिए यहां की गई बेरिकेट को पार करने के प्रयास कर रहे किसानों से पुलिस अधिकारी भिड़ गये। इस बीच पुलिस और किसानों के बीच तीखी नोकझोंक भी हुई। घंटों तक झड़प होने के कारण यहां पर यातायात जाम हो गया। विरोध-प्रदर्शन और हंगामे के बीच नगर मजिस्ट्रेट अभिषेक सिंह ने समिति के पदाधिकारियों से वार्ता करते हुए पदाधिकारियों को कलेक्ट्रेट जाने की अनुमति दी गयी। इसे लेकर किसानों में पुलिस प्रशासन के प्रति आक्रोश नजर आया और पुलिस प्रशासन के खिलाफ भी नारेबाजी करते हुए गुस्सा जताया। बाद में हिन्द मजदूर किसान समिति के राष्ट्रीय अध्यक्ष राजपाल सिंह के नेतृत्व में किसानों ने कलेक्ट्रेट पहुंचकर एडीएम वित्त आलोक कुमार को मुख्यमंत्री के नाम संबोधित एक ज्ञापन सौंपा। इसके बाद इन्होंने डीएम चन्द्रभूषण सिंह से उनके कार्यालय में मुलाकात की और किसान समस्याओं को उनके समक्ष उठाते हुए निराकरण की मांग की। अध्यक्ष राजपाल सिंह ने कहा कि आज हम हिन्द मजदूर किसान समिति के बैनर तले किसानों ने उत्तर प्रदेश के विभिन्न जिला मुख्यालयों मुजफ्फरनगर, मेरठ, बिजनौर, गाजियाबाद, वाराणसी, जौनपुर, चंदौली एवं मैनपुरी आदि से मुख्यमंत्री को डीएम के माध्यम से एक ज्ञापन सौंपा, जिसमें किसान समस्याओं को लेकर कुछ मांग की गयी है। उन्होंने कहा कि इसमें किसानों द्वारा कहा गया है कि मुख्यमंत्री ने प्रदेश की उन्नति के लिए जो कार्य किए, वास्तव में प्रशंसनीय है। परन्तु प्रदेश का किसान कुछ समस्याओं से पीड़ित है, उन मांगों को लेकर हिन्द मजदूर किसान समिति के किसानों ने समिति के प्रेरणास्त्रोत चन्द्रमोहन जी की प्रेरणा से एक ज्ञापन सौंपा है। समिति की ओर से किसानों के हित में राज्य सरकार से मांग की गयी है कि किसानों की खुशहाली के लिये गन्ने का रेट बढ़ाने के साथ ही समय पर भुगतान की सुविधा दी जाये, ट्यूबवैल और घरेलू बिल माफी, आवारा पशुओं के बढ़ने से फसलों की बर्बाद के बीच ऐसे पशुओं का समाधान कराने, किसानों के ट्रैक्टर पर प्रतिबंध समाप्त कराने, एमएसपी पर किसानों की फसल बिक्री की सुदृढ़ व्यवस्था किए जाने की मांग की। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि उनकी मांगों का जल्द संज्ञान न लिया गया तो हिन्द मजदूर किसान समिति किसानों की इन समस्याओं को लेकर डीएम कार्यालय पर धरने पर बैठेगी।

देश में कोरोना मामलों में मृतकों की संख्या में फिर से इजाफा

नयी दिल्ली, 25 अगस्त (वार्ता)। देश में पिछले 24 घंटों के दौरान कोरोना वायरस (कोविड-19) महामारी के नये मामलों और मृतकों की संख्या में फिर से वृद्धि हुई है, जबकि राहत की बात यह है कि 34 हजार से अधिक मरीज स्वस्थ हुए हैं। देश में मंगलवार को 61 लाख 90 हजार 930 लोगों को कोरोना के टीके लगाये गये तथा अब तक 59 करोड़ 55 लाख 04 हजार 593 लोगों का टीकाकरण किया जा चुका है। देश में मंगलवार को 17,92,755 लोगों की कोरोना जांच की गयी, जिसके साथ ही अब तक हुए कुल जांच की संख्या बढ़कर 51 करोड़ 11 लाख 84 हजार 547 हो गयी है। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय की ओर से बुधवार की सुबह जारी आंकड़ों के अनुसार पिछले 24 घंटों में कोरोना के 37,593 नये मामले सामने आने के साथ ही संक्रमितों का आंकड़ा बढ़कर तीन करोड़ 25 लाख 12 हजार 366 हो गया है। इस दौरान 34 हजार 169 मरीजों के स्वस्थ होने के बाद इस महामारी को मात देने वालों की कुल संख्या बढ़कर तीन करोड़ 17 लाख 54 हजार 281 हो गयी है।

फैक्ट्री के विरुद्ध कार्रवाई न होने पर पलायन की धमकी

-कैमिकल्स फैक्ट्री को हटाने की मांग को धरनारत ग्रामीण

मुजफ्फरनगर, 25 अगस्त (बु.)। खांजापुर में फर्टिलाइजर कैमिकल्स फैक्ट्री के विरुद्ध कई दिनों से जारी आक्रोश के बीच 3 दिनों से धरना प्रदर्शन के बाद समस्या समाधान में प्रशासन स्तर पर कोई कदम न उठाए जाने से आहत दर्जनों ग्रामीणों ने मीडिया के समक्ष पक्ष रखते हुए गांव से पलायन की चेतावनी दी है। बुधवार को इस संबंध में नगर के रुडकी रोड स्थित एक रेस्टोरेंट में मीडिया से वार्ता करते हुए जिला पंचायत सदस्य अमर कांत मलिक उर्फ चीकू ने बताया कि गांव खांजापुर बुढ़ाना मोड़ पर आबादी से पूर्व में करीब 90 टन क्षमता की एक फैक्ट्री को स्थापित किया गया था। आबादी बढ़ने के कारण यह फैक्ट्री बीच में आ गई और इसकी क्षमता भी बढ़कर 250 टन हो गई। उन्होंने बताया कि उक्त फैक्ट्री में तेजाब और अन्य कैमिकल्स बनाए जा रहे हैं, जिसके कारण गांव का भूगर्भ जल भी दूषित हो रहा है। वहीं वायु दूषित होने के कारण लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ता है। यहां पर भूगर्भ से निकलने वाला जल 15 मिनट में पीले रंग को हो जाता है। वहीं कपड़े सुखाने पर खराब हो जाते हैं। उन्होंने कहा कि ग्रामीण मामले को लेकर वर्षों से शिकायत करने के साथ बीते तीन दिनों से धरना देते हुए प्रशासन को शिकायत कर चुके हैं, लेकिन कोई अफसर सुनवाई को तैयार नहीं है। उन्होंने कहा कि प्रकरण की अनदेखी से लगता है कि अधिकारी अभी भोपाल त्रासदी जैसा हादसा होने के इंतजार में हैं। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि यदि ग्रामीणों की समस्या पर ध्यान नहीं दिया तो ग्रामीणों को गांव से पलायन करने पर विवश होना पड़ेगा। इस दौरान मुख्य रूप से अमरकांत मलिक, देशपाल सिंह, धर्मवीर सिंह, सुमित कुमार आदि ग्रामीण मौजूद रहे।

किसान महापंचायत की शुरू तैयारियों पर किया मंथन

मुजफ्फरनगर, 25 अगस्त (बु.)। कृषि बिलों की वापसी को लेकर बार्डर पर डटे किसानों ने अब आरपार की जंग लड़ने का मन बनाया है। आंदोलन को तेज किए जाने की कड़ी में जिला मुख्यालय पर 5 सितम्बर को होने वाली महापंचायत में इस मुद्दे पर चर्चा को देशभर से कई किसान संगठनों की जनपद में आने की संभावनाओं के बीच बुधवार को भाकियू नेताओं के साथ पुलिस व प्रशासनिक अधिकारियों ने जीआईसी मैदान का निरीक्षण किया और आगामी महापंचायत की तैयारियों पर भी विचार मंथन किया। दिल्ली बार्डर पर बीते 8 माह से धरनारत किसान संगठनों ने मुजफ्फरनगर से आंदोलन को नई गति देने की खातिर संयुक्त किसान मोर्चा के बैनर तले पांच सितम्बर को किसान महापंचायत के बूते सरकार को चुनौती देने की योजना बनाई है, जिसकी जिम्मेदारी यहां भारतीय किसान यूनियन को दी है। महापंचायत का आयोजन नगर के राजकीय इंटर कॉलेज के मैदान पर किया जा रहा है। बुधवार को एडीएम प्रशासन अमित सिंह, एसपी सिटी अर्पित विजयवर्गीय ने भाकियू मीडिया प्रभारी धर्मेन्द्र मलिक व अन्य नेताओं के साथ राजकीय इंटर कॉलेज मैदान और महावीर चौक आदि का निरीक्षण करते हुए किसान महापंचायत की तैयारियों पर मंथन करते हुए इस बीच पार्किंग, आवागमन व मैदान पर एंट्री तथा मंच व अन्य व्यवस्थाओं को लेकर जानकारी हासिल की। भाकियू नेता धर्मेन्द्र मलिक ने बताया कि किसान महापंचायत की तैयारियों के लिए भाकियू के वालिंटियरों को व्यवस्था में लगाया जायेगा, ताकि इस बीच किसी तरह की अव्यवस्था न हो। उन्होंने कहा कि महापंचायत के लिए जिले के अधिकारियों के साथ स्टट प्लॉन और पार्किंग स्थल चयन के लिए चर्चा की गयी। वहीं इस दौरान महापंचायत में आने वाले किसानों को कोई दिक्कत न आए, इसके लिए जिले के अधिकारियों को बताया गया है। इस दौरान सीओ सिटी कुलदीप कुमार, सिविल लाइन थाना प्रभारी उम्मेद सिंह यादव, राकेश टिकैत के पुत्र चरण सिंह टिकैत, अनुज बालियान, सर्वेन्द्र राठी आदि मौजूद रहे।

हरिद्वार: मूसलाधार बारिश के बाद गंगा और नाले उफान पर, नदी में खड़ी कार बहकर हरकी पैड़ी के पास पहुंची

हरिद्वार, 25 अगस्त (नेट) हरिद्वार में बुधवार को मूसलाधार बारिश के बाद गंगा के साथ ही बरसाती नदियां भी उफन पर बहने लगी। सूखी नदी में पानी बढ़ने से खड़खड़ी रपटे में खड़ी कार बहकर हरकी पैड़ी के पास कांगड़ा घाट पहुंच गई। गंगा में कार बहते देख लोगों में हड़कंप मच गया। गनीमत रही कि कार में उस समय कोई सवार नहीं था। गंगा में भारी सिल्ट आने और जलस्तर 292.49 मीटर पहुंचने पर बैराज के सभी गेट खोल दिए गए और गंगनहर को बंद करना पड़ा। मौसम विभाग ने पहाड़ी जिलों में भारी बारिश का पूर्वानुमान जताया था। बुधवार सुबह से हो रही बारिश के बाद गंगा का जलस्तर 292 मीटर चल रहा था। गंगनहर में छह हजार क्यूसेक पानी छोड़ा जा रहा था। दोपहर करीब एक बजे मूसलाधार बारिश शुरू हो गई। इससे गंगा का जलस्तर बढ़ने लगा। सूखी नदी के अलावा गंगा में गिरने वाले नाले उफना गए। खड़खड़ी में सूखी नदी के रपटे में खड़ी कुलदीप नगर पुराना औद्योगिक क्षेत्र पानीपत निवासी नरेंद्र कुमार की कार बहकर हरकी पैड़ी के निकट कांगड़ा घाट पहुंच गई। जानकारी के अनुसार नरेंद्र कुमार घूमने हरिद्वार आए थे और वहीं एक होटल में रुके थे। उनकी कार रपटे के पास खड़ी थी। कार के बहकर कांगड़ा घाट पहुंचने पर लोगों की भीड़ जुट गई। सूचना पर पुलिस ने जल पुलिस की मदद से कार को किनारे लाकर क्रेन की मदद से बाहर निकाला। बैराज कंट्रोल रूम के मुताबिक शाम छह बजे गंगा का जलस्तर 292.40 मीटर रहा। सिल्ट कम होने के बाद रात आठ बजे गंगनहर में पानी छोड़ा गया। बैराज के वाटर एकाउंट असिस्टेंट निर्भय भारद्वाज के मुताबिक पहाड़ों में बारिश होने पर गंगा का जलस्तर कम ज्यादा हो रहा है। सिंचाई विभाग पूरी तरह अलर्ट है। बुधवार को शहर से लेकर देहात तक बादल लोगों के लिए आफत बनकर बरसे। दोपहर के समय कुछ घंटे की बारिश के बाद सभी सड़कें, बाजार और कालोनियां जलमग्न हो गईं। कई जगह पर लोगों के घरों और दुकानों में पानी घुस गया। भगत सिंह चौक और ज्वालापुर अंडर पास पर कई फीट पानी भरने से आवाजाही बाधित रही। ज्वालापुर अंडर पास पर तो बैरियर लगाकर यातायात रोकना पड़ा। ज्वालापुर और कनखल में नगर निगम को पंप लगाकर पानी की निकासी करानी पड़ी। शाम को चार बजे के बाद पानी उतरने के बाद लोगों ने राहत की सांस ली। हरिद्वार में दोपहर को एक बजे एकाएक बारिश शुरू हो गई। एक से ढाई बजे तक झमाझम बारिश हुई। तेज बारिश के बाद लोगों को गर्मी से तो राहत मिली, लेकिन जलभराव से मुश्किलें बढ़ गईं। डेढ़ घंटे की तेज बारिश के देखते ही देखते शहर की प्रमुख सड़कें तालाब में तब्दील हो गईं। कई जगह नाले चोक होकर गंदगी सड़कों पर बहने लगी। बाजार और कालोनियों में घुटनों तक का पानी भर गया। भगत सिंह चौक, चंदाचार्य चौक और ज्वालापुर में पानी भरने से सबसे ज्यादा दिक्कतें हुईं। इसके अलावा कनखल, उत्तरी हरिद्वार, मध्य हरिद्वार, भूपतवाला, खड़खड़ी, नया हरिद्वार, कृष्णानगर जगह पर दुकानों और घरों में पानी भरने से लोगों को नुकसान उठाना पड़ा। ज्वालापुर और कनखल के कई क्षेत्रों में अधिक जलभराव होने की सूचना पर नगर आयुक्त दयानंद सरस्वती ने निरीक्षण किया। यहां भरने पानी को निकालने के लिए पंप लगाने पड़े। शाम चार बजे तक भी रुक रुककर हल्की बारिश होती रही। बारिश के बाद ज्वालापुर के झंडा चौक पर चारों तरफ पानी जमा हो गया। हालांकि सामाहिक बंदी के चलते यहां का बाजार बंद रहा। बताया जा रहा है कि पानी दुकानों शटर के नीचे से अंदर घुस गया। बृहस्पतिवार को दुकानें खुलने पर ही नुकसान का पता चलेगा।

नाम परिवर्तन सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि पहले मेरा नाम संगीतारानी जैन था, जिसे मैंने बदलकर संगीता जैन कर लिया है। अतः सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मुझे भविष्य में संगीता जैन के नाम से ही जाना जाए और पुकारा जाए।

संगीता जैन
पत्नी रजनीश जैन
निवासी: 27-प्रेम विहार, जिला : मुजफ्फरनगर

बेदखली सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा बड़ा विवाहित पुत्र महबूब पिछले कई वर्षों से मुझसे व मेरे परिवार से अलग रहता है। करीब 2 माह पहले महबूब अपने बच्चों को छोड़कर कहीं गायब हो गया है। उसके गायब होने के बाद कुछ दबंग लोग मुझे व मेरे परिवार को तंग व परेशान कर रहे हैं और रुपयों की मांग करते हैं, जिस कारण मैं महबूब को अपनी समस्त चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल करता हूँ। कोई व्यक्ति मुझे महबूब के किसी कृत्य की बाबत परेशान न करें। मैं महबूब के किसी कृत्य का जिम्मेदार नहीं हूँ।

मौहम्मद पुत्र असगर
निवासी : धांगड पट्टी कुटेसरा, थाना चरथावल, मुजफ्फरनगर

बेदखली सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा पुत्र शाहवेज मेरे व मेरे परिवार के कहने-सुनने में नहीं है और गलत संगत में उठता बैठता है। इसलिए मैंने उसे अपनी समस्त सम्पत्ति से 11 जुलाई 2021 को बेदखल कर दिया था। अब मेरा मेरे पुत्र शाहवेज से कोई सम्बन्ध नहीं है। उसके द्वारा किये गये कोई भी लेनदेन की मेरे व मेरे परिवार की कोई जिम्मेदार नहीं होगी, वह स्वयं जिम्मेदार होगा।

सम्मून
पुत्र स्व. मो. हनीफ
निवासी : 663-शाहबुदीनपुर, मिमलाना रोड, मुजफ्फरनगर

मटकी फोड़ प्रदर्शन के बूते आप ने किया विरोध प्रदर्शन

मुजफ्फरनगर, 25 अगस्त (बु.)। आम आदमी पार्टी ने प्रदेश में जल जीवन मिशन में घोटाले का आरोप लगाते हुए महावीर चौक पर विरोध प्रदर्शन किया। इस दौरान सरकार के खिलाफ मटका फोड़कर सड़कों पर उतरे कार्यकर्ताओं ने प्रशासन के माध्यम से राज्यपाल के नाम नगर मजिस्ट्रेट को सौंपे ज्ञापन में इस मामले की जांच सीबीआई से कराने व दोषियों के खिलाफ सख्त कार्यवाही व कड़ी सजा दिलाने की मांग की है। बुधवार को आप जिलाध्यक्ष अरविंद बालियान के नेतृत्व में महावीर चौक पर मटकी फोड़ प्रदर्शन के बीच शक्ति प्रदर्शन किया। इस दौरान जिलाध्यक्ष ने बताया कि आम आदमी पार्टी सांसद संजय सिंह ने जल जीवन मिशन के क्रियान्वयन में प्रदेश में हजारों करोड़ों रुपए के घोटाले का भंडाफोड़ किया है। उन्होंने बताया कि केंद्र सरकार द्वारा शुरू किए जल जीवन मिशन के अंतर्गत वर्ष 2020-21 में राज्यों को 1 लाख 20 हजार करोड़ का आवंटन किया गया था, लेकिन योजना में सरकार के जल शक्ति मंत्री एवं अन्य अधिकारियों द्वारा किए हजारों करोड़ के भ्रष्टाचार का मामला प्रकाश में आया है। उन्होंने बताया कि प्रदेश में जल जीवन मिशन के अंतर्गत हर घर पानी पहुंचाने को पाइप सप्लाई का कार्य ऐसी कंपनी को दिया जो केंद्रीय आर्थिक सूचना ब्यूरो के अनुसार फर्जी निवेश में भी लिप्त है। साथ ही देश के 8 राज्यों तथा सेना के द्वारा इस कंपनी को भ्रष्टाचार एवं निम्न गुणवत्ता के कारण ब्लैक लिस्टेड किया है। प्रदेश में भी योजना के कार्यकारी निदेशक, यूनिट कोआर्डिनेटर, परियोजना प्रबंधक तथा पूर्व मुख्य अभियंता ने रिपोर्ट्स में कहा है कि इस कंपनी द्वारा बनाए पाइप मानकों के अनुरूप नहीं है। इन सब तथ्यों के बावजूद भी राज्य जल शक्ति मंत्री द्वारा नियमों को ताक पर रखकर कंपनी को पाइप सप्लाई का कार्य दे दिया है। आम आदमी पार्टी ने प्रदेश के राज्यपाल से मांग की है कि इस मामले को सीबीआई से जांच करवाने के साथ दोषियों को सख्त सजा दिलाई जाए। इस दौरान जोगिंदर सिंह बांकुरा, वसी खैरी, जयवीर ठाकरान, मुसद्दीलाल अनुराग अहलावत, कुलदीप तोमर, बिलाल राणा, शहजाद नबी जैदी, राज सिंह, जावेद, वरुण, नईम, इदरीस आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

जिले में नहीं मिला कोई नया संक्रमित, नहीं कोई डिस्चार्ज

मुजफ्फरनगर, 25 अगस्त (बु.)। कोरोना संक्रमण के जिले में गिरते ग्राफ के बीच बुधवार को भी कोरोना का कोई नया मरीज नहीं मिला, जो राहतभरी बात है। हालांकि इस बीच जिले में कोई मरीज स्वस्थ होने पर इस बीच डिस्चार्ज न किए जाने के चलते एक्टिव मरीजों का पूर्व का जारी आंकड़ा एक ही रहा। वहीं इस बीच जनपद में बुधवार को 11468 लोगों को कोरोना का टीकाकरण किया गया। ऑनलाइन स्लॉट लेकर 18 से 44 आयु वर्ग में 2086 लोगों ने इस बीच कोरोना वैक्सीनेशन कराया। मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. महावीर सिंह फौजदार ने बताया कि जनपद में बुधवार को कुल 11468 लोगों का कोरोना टीकाकरण किया गया। उन्होंने बताया कि टीकाकरण केंद्रों पर 9382 लोगों को टीकाकरण किया गया, जिनमें से 8033 लोगों को प्रथम डोज लगाई गई तथा 1349 लोगों को दूसरी डोज लगाई गई। उन्होंने बताया कि जिले में ऑनलाइन स्लॉट लेकर 18 से 44 आयु वर्ग में 2086 लोगों ने टीकाकरण कराया। उन्होंने बताया कि बुधवार को जारी कोरोना जांच रिपोर्ट में कोई नया मरीज नहीं आया। उन्होंने बताया कि जनपद में इस बीच आरटीपीसीआर के 199 लोगों की जांच की गई, जिसमें तमाम लोगों की रिपोर्ट निगेटिव मिली। उन्होंने बताया कि जनपद में अब तक कुल 269 लोगों की कोरोना संक्रमण के चलते मौत हो चुकी है, जबकि जिले में मिले कुल 30,648 लोगों में संक्रमण की पुष्टि के बीच 30,378 लोगों को स्वस्थ होने पर डिस्चार्ज किया गया। उन्होंने बताया कि वर्तमान में मात्र एक कोरोना का एक्टिव मरीज है, जिसका चिकित्सकों की निगरानी में इलाज चल रहा है। उन्होंने बताया कि गुरूवार को जिले में 09 केंद्रों पर लोगों को कोरोना टीकाकरण किया जाएगा।

वायु सेना प्रमुख ने लड़ाकू विमान तेजस में भरी उड़ान

नयी दिल्ली, 25 अगस्त (वार्ता)। वायु सेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल आर के एस भदौरिया ने देश में ही बनाए गए हल्के लड़ाकू विमान तेजस में उड़ान भर कर एक बार फिर उसकी संचालन तथा मारक क्षमता को परखा है। देश के प्रमुख रक्षा उपक्रम हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड द्वारा बनाया गया तेजस विमान पहले से ही वायु सना के बेड़े में शामिल है और अब उसके उन्नत संस्करण तैयार किए जा रहे हैं। वायु सेना प्रमुख मंगलवार और बुधवार को अपने दो दिन के बेंगलुरु दौरे के दौरान वायु सेना की विभिन्न इकाईयों में गए। उन्होंने रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन डीआरडीओ तथा हिदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड (एचएएल) के कुछ केंद्रों का भी दौरा किया। वायुसेना के अधिकारियों ने एयर चीफ मार्शल को विभिन्न परियोजनाओं और संचालन संबंधी परीक्षणों की जानकारी दी। उन्होंने विमान परीक्षण से संबंधित प्रतिष्ठानों की चुनौतियां के संदर्भ में किए जा रहे कार्यों की प्रशंसा की और उनसे बदलती जरूरतों के अनुसार काम करने को कहा। वायु सेना प्रमुख ने विमान संबंधी सॉफ्टवेयर का विकास करने वाले केंद्रों का भी दौरा किया।

सफाईकर्मियों का टाउनहाल में धरना जारी

मुजफ्फरनगर, 25 अगस्त (बु

डीएम ने 39 लिपिकों के कार्यक्षेत्र में बदलाव किया

मुजफ्फरनगर, २१ अगस्त (बु.)। बुधवार को जिलाधिकारी चन्द्रभूषण सिंह ने लम्बे समय से एक ही सीट पर जमे कलेक्ट्रेट के लिपिक वर्ग ३६ कर्मचारियों के कार्यक्षेत्र में बदलाव किया है। यह बदलाव हो भ्रष्टाचार को रोकने का एक और प्रयास माना जा रहा है। नई जिम्मेदारी पाने वाले कर्मचारियों में प्रधान सहायक सुभाष चन्द्र को राजस्व सहायक से अब सामान्य सहायक और जनार्दन स्वरूप को सामान्य सहायक से न्यायिक सहायक, इरशाद अली को न्यायिक सहायक से वासिल बाकी नवीस सदर तहसील और अब तक वासिल बाकी नवीनस सदर का प्रभार देख रहे अनिल कुमार त्यागी को राजस्व स्हायक नियुक्त किया गया।

इसके अलावा वरिष्ठ सहायक सपना को अहलमद अति.स्था. न्यायालय से पेशकार जिलाधिकारी सम्बद्ध अहलमद अति. स्था. न्यायालय, जिलाधिकारी पेशकार राजकुमार को अहलमद अति. स्था. न्यायालय नियुक्त किया गया है। नासिर हुसैन पेशकार अति. स्था. न्यायालय एसीआरए/सीए–२, प्रवीण कुमार को पेशकार नगर मजिस्ट्रेट से न्यायिक सहायक द्वितीय, विकास शर्मा को एसीआरए द्वितीय से अहलमद न्यायालय नगर मजिस्ट्रेट, अहलमद नगर मजिस्ट्रेट शिवपाल सिंह को वरिष्ठ सीलिंग सहायक प्रथम/जनगणना कार्य की जिम्मेदारी सौंपी गयी है। इसके अलावा वरिष्ठ सहायक पंकज कुमार एसीआरए/सीए–२ को एसीआरए द्वितीय एवं खनन, स्वान एवं आधार कार्ड सम्बंधी कार्यों की जिम्मेदारी सौंपी गयी हैं। वहीं वरिष्ठ सहायक प्रथम नरेन्द्र कुमार को नगर पालिका सहायक द्वितीय व नगर पालिका सहायक द्वितीय धीरज पाल को नगर मजिस्ट्रेट का पेशकार बनाया गया है। इसके अलावा बालेन्द्र कुमार एसीआरए/सीए–१ दैवीय आपदा सहायक को पेशकार अतिरिक्त स्थाई न्यायालय व पेशकार अपर उपजिलाधिकारी दिनेश कुमार अब पेशकार अपर जिलाधिकारी न्यायिक सम्बद्ध न्यायालय एडीएम (ई) बनाए गए हैं। वहीं न्यायिक सहायक द्वितीय रामकिशोर एसीआरए/सीए–१ व दैवीय आपदा सहायक पूनम खन्ना अरेंजर कैराना अब अरेंजर कुलियात राजस्व अभिलेखाकार व सुधीर कुमार अरेंजर कुलियात अब अरेंजर कैराना राजस्व अभिलेखाकार का कार्यभार देखेंगे। वहीं स्टाम्प सहायक कुलदीप कुमार को स्टाम्प सहायक पटल के साथ साहूकारा सहायक का भी जिम्मा सौंपा गया है जबकि सचिन त्यागी एडब्लूबीएन जानसठ अब अहलमद उपजिलाधिकारी जानसठ एवं शिकायत प्रकोष्ठ से सम्बद्ध रहेंगे। वरिष्ठ सहायक प्रवेश कुमार अहलमद एसडीएम जानसठ एडब्लूबीएन जानसठ, सत्यप्रकाश पेशकार उपजिलाधिकारी जानसठ अहलमद उपजिलाधिकारी जानसठ बनाए गए हैं। वहीं रणवीर सिंह अहलमद उपजिलाधिकारी जानसठ से अब पेशकार उपजिलाधिकारी जानसठ बिल सहायक, शहजाद हसन पेशकार एसडीएम जानसठ न्यायिक को नायब नाजिर तहसील जानसठ के रिक्त पद पर नई तैनाती दी गयी है। वहीं विकास गोयल नायब नाजिर सदर तहसील अब एडब्लूबीएन तहसील सदर सम्बद्ध शिविर कार्यालय का पद संभालेंगे, जबकि अब तक एडब्लूबीएन सदर रही सीता देवी अब एडब्लूबीएन तहसील सदर नीलम के स्थान पर कार्य देखेंगें जबकि वरिष्ठ सहायक नीलम एडब्लूबीएन सदर सीता देवी के स्थान पर तैनात की गयी हैं। वहीं प्रमोद कुमार यादव एडब्लूबीएन सदर को नायब नाजिर तहसील सदर के रिक्त पद पर, अनिल डाबर अहलमद राजस्व एसडीएम सदर अब अहलमद फौजदारी तथा अब तक अहलमद फौजदारी के रूप में कार्यरत श्यामलाल गुप्ता एसडीएम सदर के राजस्व अहलमद बनाए गए हैं। इसके अलावा नायब नाजिर खतौली अनिल कुमार पेशकार एसडीएम खतौली और अब तक पेशकार एसडीएम खतौली का कार्यभार देख रहे हरबीर सिंह नायब नाजिर खतौली बनाए गए हैं। वहीं अर्जुन सिंह एडब्लूबीएन बुढ़ाना अब नायब नाजिर बुढ़ाना और चतर सिंह नायब नाजिर बुढ़ाना से एडब्लूबीएन बुढ़ाना सम्बद्ध न्यायालय एसडीएम खतौली के पद पर नई तैनाती दी गयी है वहीं अशोक बावरा पेशकार उपजिलाधिकारी बुढ़ाना अब अहलमद एसडीएम बुढ़ाना होंगे जबकि अब तक अहलमद बुढ़ाना रहे शिवकुमार पालीवाल एडीएम बुढ़ाना के पेशकार नियुक्त किये गए हैं। इसके अलावा कनिष्ठ सहायक एस हुसैन जो अब तक सदर तहसील में प्रतिलिपिक/उर्दू अनुवादक सहायक वरिष्ठ लिपिक का कार्यभार देख रहे थे उन्हें जानसठ तहसील में इसी पद पर नवीन तैनाती दी गयी है जबकि रतनलाल को जानसठ से प्रतिलिपिक/उर्दू अनुवादक सहायक वरिष्ठ लिपिक राजस्व अभिलेखागार और लईक अहमद राजस्व अभिलेखागार से प्रतिलिपिक/उर्दू अनुवादक सहायक वरिष्ठ लिपिक सदर तहसील में बनाया गया है।

मुठभेड़ में पकड़ा गया शातिर बदमाश व मौके पर जांच करती पुलिस।

आईपीएस पंकज कुमार होंगे बीएसएफके नए महानिदेशक

नयी दिल्ली, 25 अगस्त (नेट) केंद्र सरकार ने आईपीएस अधिकारी बालाजी श्रीवास्तव को पुलिस रिसर्च एंड डेवलपमेंट ब्यूरो का महानिदेशक नियुक्त किया है। इसके साथ ही आईपीएस अधिकारी पंकज कुमार सिंह को बीएसएफका नया महानिदेशक बनाया गया है। पंकज कुमार सिंह वर्तमान में बीएसएफ के विशेष महानिदेशक हैं। वह 31 अगस्त को पद संभालेंगे और 31 दिसंबर 2022 (उनकी सेवानिवृत्ति की तारीख) तक या अग्रिम आदेश तक इसी पद पर सेवाएं देंगे। कार्मिक, लोक शिकायत और पेंशन मंत्रालय ने इस फेरबदल की जानकारी देते हुए बताया कि आईपीएस अधिकारी संजय अरोड़ा को आईटीबीपी (भारत-तिब्बत सीमा पुलिस) का नया महानिदेशक नियुक्त किया गया है। अरोड़ा फिलहाल सीआरपीएफ (केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल) के विशेष महानिदेशक के पद पर सेवाएं दे रहे हैं। उल्लेखनीय है कि सीआरपीएफ के वर्तमान महानिदेशक एसएस देसवाल इसी साल 31 अगस्त को सेवानिवृत्त हो रहे हैं। उधर, केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड (सीबीडीटी) को तीन नए सदस्य मिले हैं। केंद्र सरकार की ओर से जारी एक आदेश के अनुसार नागपुर में प्रत्यक्ष कर राष्ट्रीय अकादमी के मुख्य महानिदेशक (प्रशिक्षण) नितिन गुप्ता, आयकर विभाग (ओएसडी) दिल्ली की प्रमुख मुख्य आयुक्त संगीता सिंह और आयकर (नेफैक) दिल्ली की प्रमुख मुख्य आयुक्त प्रज्ञा सहाय सक्सेना को सीबीडीटी का सदस्य मनोनीत किया गया है।

वारंटी को गिरफ्तार कर जेल भेजा

मुजफ्फरनगर, २५ अगस्त (बु.)। सिविल लाईन पुलिस ने दहेज हत्या के मामले के आरोपी को अदालत द्वारा जारी किए गए वारंट पर गिरफ्तार कर जेल भेजा है। पुलिस सूत्रों ने जानकारी देते हुए बताया कि महमूद नगर निवासी आबाद पुत्र यूनुस के विरुद्ध दहेज हत्या व अन्य आरोपों में मुकदमा दर्ज हैं। मुकदमे में अदालत में पेश न होने पर अदालत ने उसकी गिरफ्तारी का वारंट जारी किया था। पुलिस ने गिरफ्तार कर उसे जेल भेज दिया।

डाक्टर जयशंकर मिले अमेरिकी कमांडर से

नयी दिल्ली 25 अगस्त (वार्ता) विदेश मंत्री डा. एस जयशंकर ने आज यहां अमेरिका की हिन्द प्रशांत कमान के कमांडर एडमिरल जॉन अकिलिनो से मुलाकात की। विदेश मंत्री ने बुधवार को एक ट्वीट में कहा ,'' दोनों के बीच हिन्द प्रशांत क्षेत्र में घटनाक्रम पर रोचक चर्चा हुई। '' अफगानिस्तान में तालिबान के कब्जे के बाद के घटनाक्रम के बीच एडमिरल अकिलिनो तीन दिन की भारत यात्रा पर आये हैं। इससे पहले अमेरिकी कमांडर ने साउथ ब्लाक पहुंचने पर सलामी गारद का निरीक्षण किया।

कड़े सुरक्षा बंदोबस्त के बीच गुरूवार को आयेंगे राष्ट्रपति कोविंद

लखनऊ 25 अगस्त (वार्ता) राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद चाकचौबंद सुरक्षा इंतजामों के बीच उत्तर प्रदेश के चार दिवसीय दौरे पर गुरूवार को लखनऊ पहुंचेंगे। आधिकारिक सूत्रों ने बुधवार को बताया कि राज्यपाल आनंदीबेन पटेल और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ राष्ट्रपति के सभी कार्यक्रमों में हिस्सा लेंगे। श्री कोविंद सपरिवार राजभवन में प्रवास करेंगे। वह अपने चार दिवसीय दौरे के दौरान अयोध्या में राम मंदिर का दौरा करेंगे। ऐसा करने वाले वह देश के पहले राष्ट्रपति होंगे। श्री कोविंद गुरूवार को लखनऊ में बाबा साहब भीमराव अंबेडकर केन्द्रीय विश्वविद्यालय के नौवें दीक्षांत समारोह में हिस्सा लेकर अपने दौरे की शुरूआत करेंगे। 27 अगस्त को वह सरोजनीनगर स्थित कैप्टन मनोज कुमार पांडे यूपी सैनिक स्कूल के स्वर्ण जयंती समारोह में शिरकत करेंगे। वर्ष 1960 में स्थापित सैनिक स्कूल के संस्थापक पूर्व मुख्यमंत्री संपूर्णानंद की आदमकद प्रतिमा का अनावरण राष्ट्रपति करेंगे और एक हजार क्षमता वाले संपूर्णानंद आडिटोरियम का उदघाटन करेंगे।

अफगानिस्तान के नागरिकों को केवल ई-वीजा पर भारत आने की अनुमति

नयी दिल्ली 25 अगस्त (वार्ता) गृह मंत्रालय ने अफगानिस्तान में बदले सुरक्षा हालात के मद्देनजर निर्णय लिया है कि अफगानिस्तान के नागरिकों को केवल ई-वीजा के आधार पर ही भारत आने की अनुमति दी जाएगी। गृह मंत्रालय ने बुधवार को एक वक्तव्य जारी कर कहा कि अफगानिस्तान के नागरिकों के पासपोर्ट गायब या खो जाने से संबंधित रिपोर्ट आ रही है। इसे देखते हुए अफगानिस्तान के उन सभी नागरिकों को पहले जारी किए गए सभी वीजा तत्काल प्रभाव से निरस्त किए जा रहे हैं जो अभी भारत में नहीं रह रहे। मंत्रालय ने कहा है कि भारत आने के इच्छुक सभी अफगानी नागरिकों को वीजा के लिए ऑनलाइन आवेदन करना होगा। इसके आधार पर उन्हें ई-वीजा जारी किया जाएगा जिसके बाद वे भारत आ सकेंगे।

पीईटी परीक्षा में निजी कंपनी ने किया खेल, मानदेय में की गई कटौती

मुजफ्फरनगर, 25 अगस्त (बु.)। प्रदेश में निजीकरण की शुरू हुई पहल की जद में आई पीईटी परीक्षा में निजी कंपनी द्वारा किए गए खेल से पीड़ित शिक्षकों ने बीएसए को ज्ञापन सौंपते हुए व्यवस्था में सुधार के साथ मानदेय एक समान दिलाने की मांग की है। पीईटी परीक्षा में ड्यूटी देने वाले शिक्षकों ने आरोप लगाया कि पूर्व में सरकारी स्तर पर संपन्न हुई परीक्षा में शिक्षकों को 500 रुपए दिया गया था, जबकि पीईटी परीक्षा में कुछेक स्कूलों में शिक्षकों को 400 रुपए तो वहीं भाजपा नेत्री के जानसठ रोड स्थित स्कूल में दोनों पालियों में मात्र 300 रुपए ही दिए गए। बुधवार को सदर तहसील के ग्राम मोल्हाहेड़ी स्कूल में तैनात सहायक अध्यापक अमित कुमार ने बीएसए मायाराम को सौंपे गए शिकायती पत्र में पीईटी की संपन्न हुई परीक्षा में शिक्षकों को दिए गए मानदेय में भिन्नता किए जाने के आरोप लगाए। शिक्षक का कहना है कि शिक्षकों को प्रदेश में निजीकरण का दंश इस कड़ी में पीईटी परीक्षा की ड्यूटी के रूप में झेलना पड़ा। उनका कहना है कि यूपी एसएसएससी द्वारा संपन्न कराई गई पीईटी की परीक्षा में निजी कंपनी की ओर से की गई व्यवस्था में मानदेय में बड़ी हेराफेरी की गई। उनका कहना है कि ऐसे में जहां जनपद के अधिकांश परीक्षा केंद्रों पर मानदेय दोनों पालियों का 400 रुपए दिया गया, वहीं भाजपा नेत्री के जानसठ रोड पर ड्यूटी के बदले मानदेय में सौ रुपए प्रति शिक्षक कटौती की गई, जिसकी शिकायत किए जाने के बाद कोई कार्रवाई न होना इसमें बड़ी धांधली की ओर इशारा करता है, जिसकी जांच कराने के साथ कार्रवाई की जानी चाहिए।

युवती के साथ अश्लील हरकतें, कपड़े फाड़े

मुजफ्फरनगर, २५ अगस्त (बु.)। नई मंडी थाना क्षेत्र के गांव नसीरपुर में कथित तौर पर पिता पुत्र ने घर में घुसकर एक युवती के साथ अश्लील हरकतें की और उसके कपड़े फाड़ दिए। विरोध करने पर युवती के ताऊ को मारपीट कर घायल कर दिया गया। इस संबंध में नई मंडी कोतवाली पर नामजद रिपोर्ट दर्ज कराई गई है। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। नई मंडी कोतवाली क्षेत्र के गांव नसीरपुर निवासी एक महिला ने थाने पर तहरीर देते हुए बताया कि आरोपी रोहित व उसका पिता उसके घर में घुस आए। आरोपियों ने बेटी के साथ अश्लील हरकत करते हुए कपड़े फाड़ दिए। आरोप है कि विरोध करने पर आरोपियों ने उसके जेठ से मारपीट की। आरोपी जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गए। पुलिस ने पीड़िता की तहरीर पर आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

पुलिस मुठभेड़ में दो हाइवे लुटेरे गिरफ्तार

मुजफ्फरनगर, २५ अगस्त (बु.)। मंसूरपुर पुलिस ने मुठभेड़ में दो शातिर हाईवे लुटेरों को गिरफ्तार किया है। उनके कब्जे से लूटी गई रकम भी बरामद की गई है। मुठभेड़ के दौरान दोनों बदमाशों के साथ–साथ मंसूरपुर थाने का एक सिपाही भी घायल हुआ है।

सीओ खतौली राकेश कुमार सिंह तथा थाना प्रभारी कुशल पाल सिंह ने बताया कि रात १:३० बजे थाना महरौली दिल्ली के छतरपुर मंदिर निवासी प्रशांत तथा मोरिया अपने परिवार के अन्य सदस्यों के साथ हरिद्वार घूमने जा रहे थे। किसी वाहन को बचाने के प्रयास में उनका ऑटो नावला कोठी के पास पलट गया। वें सड़क किनारे बैठे हुए थे, तभी खतौली की ओर से एक स्विफ्ट डिजायर कार उनके पास आकर रुकी और लिफ्ट देने के बहाने प्रशांत तथा मौर्या को कार में बैठा लिया। कार में बैठते हैं बदमाशों ने पिस्टल लगाकर प्रशांत तथा मोरया से पर्स तथा कागजात लूट लिए तथा उनको गांव खानुपुर के पास फेंक कर चले गए। उन्होंने तुरंत इसकी सूचना मंसूरपुर थाने को दी। पुलिस ने बदमाशों का पीछा किया, तो शाहपुर रोड पर राखी पब्लिक स्कूल के पास कार से तीन बदमाश उतरकर फायर करते हुए भागने लगे। पुलिस की जवाबी फायरिंग में दो बदमाश पैरों में गोली लगने से घायल हो गए, जबकि उनका १ साथी फरार हो गया। घायल बदमाशों ने अपने नाम जान मौहम्मद तथा इमरान निवासीगण मिलक माजरा थाना सरधना मेरठ बताएं, जबकि सरधना निवासी हैदर नामक बदमाश फरार हो गया। मुठभेड़ में मंसूरपुर थाने का एक सिपाही मोनू भी हाथ में गोली लगने से घायल हो गया। बदमाशों के पास से लूटे गये पर्स में ३००० रुपये तथा आधार कार्ड था, बरामद किया। बदमाशों के पास से एक स्विफ्ट डिजायर कार एक पिस्टल एक तमंचा तथा कारतूस बरामद हुए हैं। पकड़े गए बदमाश शातिर किस्म के लुटेरे हैं तथा उन पर गैंगस्टर डकैती लूट आदि के कई मुकदमें हैं। बदमाशों के आपराधिक इतिहास के बारे में और अधिक जानकारी की जा रही है।

कोरोना को लेकर पूर्ण सावधानी बरती जाए, लापरवाही पड़ सकती है भारी : योगी

लखनऊ, 25 अगस्त (वार्ता)। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कोविड-19 से बचाव व उपचार की व्यवस्थाओं को पूरी तरह चुस्त-दुरुस्त बनाए रखने के निर्देश देते कहा है कि कोरोना के सम्बन्ध में प्रत्येक स्तर पर पूर्ण सावधानी बरती जाए, इस सम्बन्ध में थोड़ी लापरवाही भी भारी पड़ सकती है। मुख्यमंत्री आज यहां अपने सरकारी आवास पर आहूत एक उच्चस्तरीय बैठक में प्रदेश में कोविड-19 की स्थिति की समीक्षा कर रहे थे। बैठक में मुख्यमंत्री को अवगत कराया गया कि पिछले 24 घण्टों में राज्य में कोरोना संक्रमण के 22 नए मामले सामने आए हैं। इस अवधि में 28 व्यक्तियों को सफल उपचार के उपरान्त डिस्चार्ज किया गया। प्रदेश में अभी कोरोना के सक्रिय मामलों की संख्या 345 है।

विश्व बैंक ने अफगानिस्तान को दी जाने वाली वित्तीय सहायता पर लगाई रोक

नयी दिल्ली 25 अगस्त (वार्ता) विश्व बैंक ने तालिबान शासन में महिलाओं के बदतर हो रहे हालात की चिंताओं के बीच अफगानिस्तान को दी जाने वाली वित्तीय सहायता पर रोक लगा दी है। विश्व बैंक की प्रवक्ता मर्केला बेंडर ने एक बयान में कहा, ''अफगानिस्तान के हालात और देश के विकास परिदृश्य विशेषकर महिलाओं पर पड़ रहे प्रभाव को लेकर हमलोग काफी चिंतित हैं। हमने अफगानिस्तान को बैंक की ओर से दी जाने वाली वित्तीय सहायता को फिलहाल रोक दिया है। हम अपनी नीतियों और प्रक्रियाओं के तहत अफगानिस्तान में बन रही परिस्थितियों पर नजर बनाने के साथ ही उसका आंकलन भी कर रहे हैं।''

पेंशन को आयकर से बाहर करने की मोदी से मांग

नयी दिल्ली, 25 अगस्त (वार्ता) भारतीय पेंशनर्स मंच ने पेंशन की रकम को आयकर के दायरे से बाहर करने की प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मांग की है। मंच के महासचिव वी एस यादव ने बुधवार को बताया कि प्रधानमंत्री कार्यालय को एक पत्र भेजकर श्री मोदी से इस मामले में तत्काल हस्तक्षेप करने की मांग की गई है। श्री यादव ने कहा कि कर्मचारी सेवा अवधि के दौरान अपनी तनख्वाह पर आयकर देते आये हैं। सेवानिवृत्ति के बाद पेंशन की राशि पर कर लगाना उनके बुढ़ापे का सहारा छीनने जैसा कृत्य है। उन्होंने कहा कि विधायक एवं सांसद की पेंशन की रकम आयकर के दायरे से बाहर है। इसके मद्देनजर उन्हें को बुजुर्गों की मांग पर तत्काल ध्यान देना चाहिए। उन्होंने आरोप लगाया कि अवकाश प्राप्त कर्मचारियों ने 2018 में तत्कालीन वित्त मंत्री को दो बार और 2021 के फरवरी में पत्र लिखकर पेंशन पर आयकर हटाने की मांग की थी, लेकिन कोई जवाब नहीं मिला। इसके बाद प्रधानमंत्री को पत्र लिखकर हस्तक्षेप करने की मांग की गई है।

उत्तर प्रदेश डिफेंस कॉरिडोर में बनेगी ब्रह्मोस मिसाइल, हजारों लोगों को रोजगार की संभावना

नयी दिल्ली, 25 अगस्त (वार्ता) उत्तर प्रदेश को देश के सबसे बड़े तथा उन्नत रक्षा विनिर्माण केंद्र के रूप में स्थापित करने को लेकर अब प्रदेश के डिफेंस इंडस्ट्रीयल कॉरिडोर में तेजी आ गई है और ब्रह्मोस एयरोस्पेस को ब्रह्मोस मिसाइल के इस कॉरिडोर में निर्माण के लिए लखनऊ नोड में 200 एकड़ भूमि उपलब्ध कराया जायेगा।

रक्षा क्षेत्र में कार्यरत देशी और विदेशी कंपनियों ने सूबे के इस पहले डिफेंस इंडस्ट्रीयल कॉरिडोर में निवेश करने की पहल तो की ही है। ब्रह्मोस एयरोस्पेस के सीईओ एवं एमडी सुधीर कुमार मिश्र ने प्रदेश के डिफेंस कॉरिडोर में ब्रह्मोस मिसाइल बनाने के लिए 200 एकड़ भूमि उपलब्ध कराने का आग्रह किया है। इस संबंध में श्री मिश्र मंगलवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मिले। मुख्यमंत्री से मुलाक़ात के दौरान उन्होंने डिफेंस कॉरिडोर में ब्रह्मोस मिसाइल बनाए जाने संबंधी योजना के बारे में बताया। इस मुलाकात में ब्रह्मोस मिसाइल बनाने के लिए लखनऊ नोड में 200 एकड़ भूमि आवंटित किए जाने पर सहमति हो गई। आधिकारिक सूत्रों के अनुसार लखनऊ नोड में ब्रह्मोस मिसाइल बनाने के लिए आंवटित होने वाली भूमि पर 300 करोड़ निवेश कर जो ब्रह्मोस प्रोडक्शन सेंटर बनेगा, उसमें करीब पांच सौ इंजीनियर तथा टेक्नीकल लोगों को सीधे रोजगार मिलेगा। इसके अलावा करीब पांच हजार लोगों को अप्रत्यक्ष रोजगार मिलेगा और 10 हजार लोगों को इस प्रोडक्शन सेंटर से काम मिलेगा। ब्रह्मोस प्रोडक्शन सेंटर बनाने का कार्य जल्दी ही शुरू होगा। इन सेंटर में रिसर्च और डेवलपमेंट का कार्य भी होगा। 100 से अधिक ब्रह्मोस मिसाइल अगले तीन वर्षों में बनाए जाने की योजना है। ब्रह्मोस प्रोडक्शन सेंटर के चलते अब यूपी डिफेंस कॉरिडोर में डिफेंस सेक्टर में कार्य करने वाले कई अन्य नामी कंपनियां राज्य में आएंगी। ब्रह्मोस एक कम दूरी की रैमजेट, सुपरसॉनिक क्रूज मिसाइल है। इसे पनडुब्बी से, पानी के जहाज से, विमान से या जमीन से भी छोड़ा जा सकता है। यह 10 मीटर की ऊँचाई पर उड़ान भर सकती है और रडार की पकड में नहीं आती। ब्रह्मोस अमरीका की टॉम हॉक से लगभग दुगनी अधिक तेजी से वार कर सकती है, इसकी प्रहार क्षमता भी टॉम हॉक से अधिक है। रूस की एनपीओ मशीनोस्ट्रोयेनिया तथा भारत के रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन ने संयुक्त रूप से इसका विकास किया है। यह रूस की पी-800 ऑकिस क्रूज मिसाइल की प्रौद्योगिकी पर आधारित है।

ये सर्दी नहीं गर्मी का नजारा है..
बुधवार की सुबह एकाएक बेमौसम कुछ इस तरह कोहरे ने अपनी दस्तक दी।

राणे की तरह ठाकरे को करो गिरफ्तार: योगी को चप्पल से मारने का उद्धव ने दिया था बयान

मुम्बई, 25 अगस्त (नट) महाराष्ट्र में भाजपा व शिवसेना के बीच सियासी जंग और तेज होने के संकेत हैं। केंद्रीय मंत्री नारायण राणे की गिरफ्तार का शूल निकालने के लिए भाजपा ने अब शिवसेना पर उसी का दांव चला है। राज्य के भाजपा नेताओं ने बुधवार को पुलिस को शिकायत देकर सीएम उद्धव ठाकरे द्वारा यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ को चप्पल से मारने वाले बयान पर उनके खिलाफ केस दर्ज करने की मांग की है। अब सवाल उठ रहा है कि क्या महाराष्ट्र पुलिस उद्धव ठाकरे के खिलाफभी उसी तरह कार्रवाई करेगी, जिस तरह केंद्रीय मंत्री नारायण राणे पर कार्रवाई की गई? भाजपा के यवतमाल जिले के अध्यक्ष नितिन भूतड़ा ने बताया कि हमने जिले के कई थानों में सीएम ठाकरे के खिलाफ शिकायत दी है। उन्होंने शिवसेना प्रमुख और राज्य के मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने और 'भड़काऊ' भाषण देने के लिए कानूनी कार्रवाई करने की मांग की है। भूतड़ा ने उमेरखेड़ पुलिस थाने में शिकायत दी है। एक पुलिस अधिकारी ने बीजेपी नेता की ओर से आवेदन मिलने की पुष्टि की है। शिकायत में कहा गया है कि 25 अक्टूबर 2020 को दशहरा भाषण के दौरान उद्धव ठाकरे ने योगी आदित्यनाथ के खिलाफ 'भड़काऊ और गंदी भाषा' का इस्तेमाल किया था। इसी तरह नासिक के भाजपा विधायक देवयानी फरांदना ने कहा कि सीएम ठाकरे की ये बातें उचित नहीं हैं, इसीलिए हमारी आशा है कि उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई होगी। शिकायत में कहा गया है कि ठाकरे ने कहा था, 'एक योगी कैसे मुख्यमंत्री बन सकता है? उसे एक गुफा में जाकर बैठना चाहिए। उसे उसकी चप्पल से मारना चाहिए। योगी ने शिवाजी महाराज का अपमान किया है। योगी की शिवाजी के पास जाने की हैसियत नहीं थी। योगी जब महाराष्ट्र आएं तो उन्हें उनके चप्पल से पीटना चाहिए।'

भूतड़ा द्वारा दी गई शिकायत में कहा गया है कि ठाकरे द्वारा की गई टिप्पणी से समाज में अशांति और दंगे भड़क सकते थे। भाजपा महाराष्ट्र के विभिन्न पुलिस थानों में मुख्यमंत्री ठाकरे के खिलाफ और शिकायतें दर्ज कराएगी। भाजपा ने यह शिकायत केंद्रीय मंत्री नारायण राणे पर मुख्यमंत्री ठाकरे के खिलाफ आपत्तिजनक भाषा का इस्तेमाल करने को लेकर केस दर्ज करने व उन्हें गिरफ्तार किए जाने के दूसरे दिन दी गई है। राणे को रायगढ़ जिले में सोमवार को उनकी 'जन आशीर्वाद यात्रा' के दौरान की गई उनकी टिप्पणी के बाद गिरफ्तार किया गया था। राणे ने अपने बयान में दावा किया था कि स्वतंत्रता दिवस के मौके पर अपने संबोधन में मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे यह भूल गए कि देश की आजादी को कितने साल हुए हैं। राणे ने कहा था। उन्होंने कहा था 'यह शर्मनाक है कि मुख्यमंत्री को यह नहीं पता कि आजादी को कितने साल हो गए हैं। भाषण के दौरान वह पीछे मुड़कर इस बारे में पूछते नजर आए थे। अगर मैं वहां होता तो कान के नीचे देता।' बता दें, उनके उक्त बयान को लेकर मंत्री राणे को मंगलवार दोपहर में महाराष्ट्र के रत्नागिरि जिले से गिरफ्तार किया गया था। हालांकि देर रात महाड की कोर्ट ने राणे को जमानत पर रिहा कर दिया था।

प्रमुख रक्षा अध्यक्ष रावत से मिले अमेरिकी कमांडर अकिलिनो

नयी दिल्ली 25 अगस्त (वार्ता) तीन दिन की भारत यात्रा पर आये अमेरिका की हिन्द प्रशांत कमान के कमांडर एडमिरल जॉन अकिलिनो ने आज यहां प्रमुख रक्षा अध्यक्ष जनरल बिपिन रावत से मुलाकात की और क्षेत्र में शांति तथा सुरक्षा की स्थिति पर चर्चा की। रक्षा मंत्रालय ने एक वक्तव्य जारी कर कहा कि जनरल रावत और एडमिरल अकिलिनो ने क्षेत्र में शांति एंव सुरक्षा तथा रक्षा क्षेत्र में द्विपक्षीय सहयोग के मुद्दों पर चर्चा की। एडमिरल अकिलिनों ने तीनों सेनाओं के प्रमुखों तथा रक्षा सचिव डा. अजय कुमार के साथ भी मुलाकात की। इससे पहले वह विदेश मंत्री डा एस जयशंकर से भी मिले थे। अमेरिकी कमांडर ने यहां पहुंचने के बाद राष्ट्रीय युद्ध स्मारक जाकर शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की। बाद में साउथ ब्लाक पहुंचने पर उन्होंने सलामी गारद का भी निरीक्षण किया।

शिक्षक के हत्यारोपी को फरार होने में मदद करने वाले पुत्र को पुलिस ने किया गिरफ्तार

मुजफ्फरनगर, २५ अगस्त (बु.)। जिला कारागार से फरार हुए शिक्षक के हत्यारोपी को फरार होने में मदद करने वाले उसके पुत्र को आज पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। गौरतलब है कि जिला कारागार से दो माह पूर्व हत्या के मामले में बंद बंदी अजीत उर्फ अजय निवासी जीतपुरा थाना मुरादनगर गाजियाबाद फरार हो गया था। बंदी जेल में बंद बंदी विकास निवासी ब्रह्मपुरी के नाम पर फरार हुआ था। जेलर कमलेश सिंह ने फरार बंदी व उसके साथी के खिलाफ नई मंडी कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई। पुलिस फरार बंदी की तलाश में जुटी है। नई मंडी कोतवाली प्रभारी अनिल कप्परवान का कहना है कि फरारी से पहले बंदी ने अपने बेटे से फोन पर कई बार बात की थी। उसके फरारी योजना के संबंध में पुरी जानकारी थी। इसी कारण फरार बंदी के बेटे रविकांत निवासी वंडर सिटी थाना ककंरखेडा मेरठ को गिरफ्तार कर चालान कर दिया गया है। इसके अलावा जेल में बंद बंदी विकास निवासी ब्रह्मपुरी व नीरू को भी इसी मामले में मुल्जिम बनाया गया है। दोनों के खिलाफ कोर्ट से वारंट बनाकर जेल में दाखिल कर दिया है। आरोपी महिला को पुलिस ने फरार बंदी के साथ शिक्षक की हत्या के मामले में गिरफ्तार किया था। इसके अलावा फरार बंदी का कोर्ट से एनबीडब्लू जारी हो गया है। उसकी गिरफ्तारी के प्रयास किए जा रहे हैं।

शेष : शाहपुर के गांव शोरम...

सभी फर्नीचर को तोड़ दिया तथा विद्युत कर्मियों के मोबाइल भी लूट कर ले गए और अपाचे बाइक पर फरार हो गए। घटना की सूचना घायल विद्युतकर्मियों ने डायल ११२ पर दी तथा विद्युत विभाग के जूनियर इंजीनियर शिवकुमार को भी सूचित किया। सूचना पर डायल ११२ मौके पर पहुंची। वहीं जेई शिव कुमार अन्य विद्युतकर्मियों के साथ बिजली घर पहुंचे। शाहपुर थाने के वरिष्ठ उपनिरीक्षक निर्दोष त्यागी ने भी विद्युत सब स्टेशन पहुंच कर प्रकरण की जानकारी ली। दोनों घायलों का शाहपुर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर उपचार कराया जा रहा है। वहीं घटना के संबंध में घायल एसएसओ पंकज कुमार की ओर से तीन अज्ञात हमलावरों के विरुद्ध शाहपुर थाने पर गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज कराने हेतु तहरीर दी गई है। इस घटना को लेकर हड़कंप मच गया। हमलावर कौन थे तथा उनका घटना के पीछे क्या मकसद का पुलिस इसका पता लगाने में जुटी है। थाना प्रभारी विद्यांचल तिवारी ने बुलेटिन को बताया कि पुलिस शीघ्र ही आरोपियों की गिरफ्तारी सुनिश्चित कर कड़ी कार्रवाई करेगी। पूरे मामले की हर पहलू से जांच पड़ताल की जा रही है।

मात्र ७० हजार रुपये में नीलाम हुए कोतवाली में खड़े ११ वाहन

*बुढ़ाना, २५ अगस्त (बु.)। बुढ़ाना कोतवाली परिसर में पिछले एक साल से विभिन्न अपराधों से सम्बंधित सीज हुए कुछ वाहनों में से कुल ११ छोटे और बड़े वाहन आज बुधवार की सुबह बुढ़ाना सर्किल के सीओ विनय गौतम व तहसीलदार जयेंद्र सिंह की मौजूदगी में नीलाम किए गये। ये ११ वाहन कुल ७० हजार रुपए में बोली लगाकर बेचे गये हैं। इस दौरान यहां पर खरीदारों की संख्या भी ठीक ही रही। किसी भी तरह की सेटिंग नहीं हुई। मिली जानकारी के अनुसार बुढ़ाना कोतवाली परिसर में लगभग एक साल से विभिन्न अभियोगों से सम्बन्धित लम्बित माल, लावारिस एवं सीज शुदा कुल ११ वाहनों की नीलामी कराकर निस्तारण कराया गया है। जिन वाहनों की नीलामी हुई है, उनमें चार–पहिया वाहन कार २, तीन–पहिया वाहन ई–रिक्शा, दोपहिया वाहन मोटर साइकिल ८ हैं। नीलामी के दौरान ये सभी वाहन कुल ७० हजार रुपए के बेचे गये हैं। इस दौरान यहां पर बुढ़ाना पुलिस क्षेत्राधिकारी विनय गौतम, तहसीलदार जयेंद्र सिंह, बुढ़ाना कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक संजीव